# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 287 । भोपाल, सोमवार 16 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



मोतीपुरा में लहरा रही थी गांजे की खेती, पुलिस ने 35 लाख के पौधे किए बरामद — पृष्ठ 2


- सिंधिया के खिलाफ बन गया यह चुनाव
- असम के मुख्यमंत्री सांप्रदायिक दिशा में चला रहे हैं भाजपा का चुनावी अभियान — पृष्ठ 4

- कुएं में मिले तेंदुए और बंदर के शव, पेड़ की डाली टूटने से गिर गए थे — पृष्ठ 6

हर कार्यकर्ता नरेन्द्र सिंह बनकर मैदान में उतर जाए — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### पत्रकार कमलेश पांडे नहीं रहे



**आज गृह ग्राम गुधोरा में होगा अंतिम संस्कार**

**छतरपुर, देशबन्धु।** वरिष्ठ पत्रकार और देशबन्धु के ब्यूरो चीफ कमलेश पांडे का रविवार को इलाज के दौरान झांसी के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे 49 वर्ष के थे। श्री पांडे 11 अक्टूबर को एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को सुबह 9 बजे उनके गृह ग्राम गुधोरा में होगा।

लवकुशनगर क्षेत्र के ग्राम गुधोरा में 1 जून 1974 को जन्में श्री पांडे राज एक्सप्रेस सहित कई अखबारों से जुड़े रहे। वे अपने पीछे पत्नी और एक पुत्र को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। पुत्र 11वीं में अध्ययनरत है।

जानकारी के मुताबिक श्री पांडे 11 अक्टूबर की शाम बाईक से लौट रहे थे तभी सड़क पर एक जानवर से बाइक टकरा जाने पर उनके सिर में गंभीर चोट आ गई थी। श्री पांडे को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया था लेकिन हालत नाजुक होने से उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया गया था लेकिन परिजनों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें झांसी में ही सरोज हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया था जहां उनका सफल ऑपरेशन भी हो गया था। लेकिन इसके बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और आज उनका निधन हो गया। श्री पांडे बेहद मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। पत्रकार कमलेश पांडे के आकस्मिक निधन की खबर मिलने पर पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकारों, साहित्यकारों, नेताओं, व्यापारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों सहित अनेक लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### कैंपस के अंदर बाइक दुर्घटना में जेएनयू छात्र की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में रविवार तड़के एक बाइक दुर्घटना में 22 वर्षीय एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार उसका दोस्त घायल हो गया। बाइक दो पैदल छात्रों से टकरा गई थी। वे दोनों भी घायल हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब केटीएम बाइक, जिस पर मृतक और उसका दोस्त यात्रा कर रहे थे, दो पैदल यात्रियों से टकरा गई। मृतक की पहचान बिहार के गया के मूल निवासी अंशू कुमार के रूप में हुई है।

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में बारूदी सुरंग विस्फोट में सैनिक घायल

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास रविवार को एक बारूदी सुरंग विस्फोट में एक सैनिक घायल हो गया। नौशेरा सेक्टर के कलसियान इलाके में नियंत्रण रेखा के पास बारूदी सुरंग विस्फोट में गुरचरण सिंह नामक एक सैनिक घायल हो गया। सैनिक सिख लाइट इन्फैंट्री का है। सूत्रों ने कहा, उन्हें नौशेरा में प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर उधमपुर शहर में सेना के कमांड अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 27 मछुआरों को गिरफ्तार किया

**चेन्नई, एजेंसी।** श्रीलंकाई नौसेना ने रामेश्वरम और थंगाचीमादम से 27 मछुआरों को गिरफ्तार किया है, जबकि मछुआरों की पांच मैकेनिकल नौकाएं भी जब्त की हैं। चार नावों में रामेश्वरम घाट से कम से कम 23 मछुआरे और एक नाव में चार मछुआरे थंगाचीमादम से समुद्र में उतरे थे। तटीय पुलिस अधिकारियों ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोग कच्चाथीव और नेदुनथीवु के पास मछली पकड़ रहे थे। मछुआरों और उनकी नौकाओं को श्रीलंका के मन्नार और कनकेसन्थुराई बंदरगाहों पर ले जाया गया।

### तमिलनाडु में 15.21 करोड़ का सोना जब्त

**चेन्नई, एजेंसी।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने इस सप्ताह तमिलनाडु के चेन्नई और त्रिची में चलाए गए तीन अलग-अलग अभियानों में, 15.21 करोड़ मूल्य का 25 किलोग्राम तस्करी का सोना और 56.3 लाख रुपए मूल्य की भारतीय मुद्रा जब्त कीं। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक डीआरआई के अधिकारियों को विशिष्ट खुफिया जानकारी प्राप्त हुई थी कि श्रीलंका से सोने की तस्करी की गई थी और इसे नागपट्टिनम जिले के तटीय क्षेत्र से होते हुए एक कार में चेन्नई ले जाया जा रहा था।

# समृद्धि एक्सप्रेसवे पर 2 हादसे, 15 की मौत

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने जताया शोक, मुआवजे की घोषणा



**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी।** मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर रविवार को तेज रफ्तार ट्रक, बस और एक निजी कार से हुई दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र के विपक्षी नेताओं और अन्य लोगों ने दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए देने की घोषणा की, जबकि शिंदे ने इस त्रासदी में मारे गए लोगों के लिए 5 लाख रुपए मुआवजे और सभी घायलों के लिए पूर्ण मुफ्त इलाज की घोषणा की।

एक अधिकारी ने बताया कि पहली दुर्घटना देर रात करीब 1.15 बजे हुई जब एक यात्री मिनी बस तीर्थयात्रा के बाद बुलढाणा से छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) होते हुए नासिक जा रही थी। अधिकारी ने कहा कि बस बुलढाणा से छत्रपति संभाजीनगर आ रही थी और राजमार्ग के किनारे कुछ देर के लिए रुकी थी, अचानक ट्रक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में कम से कम 12 यात्रियों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर जामबरगांव टोल बूथ से थोड़ी दूरी पर हुई दुर्घटना में मरने वालों में दो नाबालिग बच्चे हैं और घायलों में आठ महिलाएं हैं। मृतकों की पहचान नासिक की तनुश्री सोल्से (5), संगीत अस्वाले (40), पंजाबी जगताप (38), काजल सोल्से (32), रजनी तापसे (32), हौसाबाई शिरसत (70), जुम्बार गांगुर्डे (58), अमोल गांगुर्डे (18), सारिका गांगुर्डे (40), मिलिंद पगारे (50), दीपक केकाने (47) तथा छत्रपति संभाजीनगर में वैजापुर के रतन जमदाडे (45) के रूप में हुई है। दूसरी दुर्घटना में, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता के परिवार के सदस्यों को ले जा रही एक कार डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

# दिल्ली में भूकंप के झटके

**2 हफ्ते में तीसरी बार लगे झटके**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली-एनसीआर में रविवार दोपहर बाद भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप केंद्र ने बताया कि स्थानीय समय के अनुसार दोपहर बाद लगभग 4:08 बजे भूकंप आया। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 मापी गई। इसका केंद्र हरियाणा के फरीदाबाद में था जो दिल्ली की सीमा से सटा हुआ है।

भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप के झटके आते ही लोग अपने घरों और कार्यालयों से भागकर बाहर निकल गए। लोगों ने बताया कि उन्होंने भूकंप के तेज झटके महसूस किए। कुछ दिन पहले भी राष्ट्रीय राजधानी, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भूकंप आया था। उस समय भूकंप का केंद्र नेपाल था। दो हफ्ते में ये तीसरी बार दिल्ली में झटके महसूस किए गए हैं। इससे पहले तीन अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई स्थानों पर भूकंप के झटके महसूस हुए थे। दो अक्टूबर को भी दिल्ली-हरियाणा में झटके लगे थे। दो हफ्ते पहले एक दिन में दो बार हिली थी धरती 3 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान समेत मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में दोपहर 2.25 और 2.53 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.6 रही। इसका केंद्र नेपाल के बझांग जिले में था।

# ऑपरेशन अजय : इजरायल से 2 और उड़ानें दिल्ली पहुंचीं

**एक में 197 और दूसरी में 274 यात्री थे सवार**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** युद्धग्रस्त इजरायल में फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के 'ऑपरेशन अजय' के तहत रविवार सुबह दो और उड़ानें राष?ट्रीय राजधानी में उतरीं। एक में 197 और दूसरी में 274 यात्री थे। तेल अवीव से 197 यात्रियों के साथ तीसरी उड़ान तड़के करीब चार बजे यहां आईजीआई हवाई अड्डे पर पहुंची।

केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने आगमन पर तिरंगे के साथ भारतीय नागरिकों का स्वागत किया। इजरायल से 274 भारतीय नागरिकों को लेकर चौथी उड़ान सुबह करीब सात बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंची। इससे पहले ऑपरेशन अजय के तहत 212 लोगों के साथ गुरुवार को एक उड़ान दिल्ली पहुंची थी जबकि दूसरी शनिवार को 235 भारतीय नागरिकों को इजरायल से लेकर आई थी। इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि सरकार का मुख्य ध्यान वहां फंसे 18 हजार भारतीयों को वापस लाना है। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान उन भारतीयों को वापस लाने पर है जो इजराइल से बाहर आना चाहते हैं। वहां छात्रों सहित 18 हजार भारतीय हैं। सरकार ने युद्धग्रस्त इजराइल से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए 'ऑपरेशन अजय' शुरू किया है।

## गाजा के अस्पतालों में बुनियादी चीजों की कमी

**तेल अवीव, एजेंसी।** हमास-इजरायल जंग के बीच गाजा के डॉक्टरों ने कहा है कि अस्पतालों में ईंधन और बुनियादी चीजों की कमी के कारण हजारों लोग मर सकते हैं। पिछले हफ्ते हमास के हमले के बाद से इजरायल उत्तरी गाजा में जवाबी कार्रवाई कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, आने वाले दो दिनों के भीतर गाजा के अस्पतालों में जनरेटर ईंधन खत्म होने की आशंका है, जिससे हजारों मरीजों की जान खतरे में पड़ जाएगी। हमास के हमले के बाद इजरायल की तरफ से 40 किमी लंबे क्षेत्र को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इस वजह से गाजा का एकमात्र पावर प्लांट ईंधन की कमी के कारण बंद हो गया।

## इजरायल ने की है घेराबंदी

इजरायली घेराबंदी के कारण गाजा में पानी और चिकित्सा संबंधी चीजों की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पानी की कमी की वजह से वहां के लोग कुओं का गंदा पानी पीने के लिए मजबूर हैं। इससे पहले इजरायल की सेना ने उत्तरी गाजा के 10 लाख से ज्यादा लोगों को दक्षिण की ओर जाने की चेतावनी दी थी। इजरायली सेना का कहना है कि वह हमास आतंकियों के खिलाफ एक बड़े अभियान से पहले आम नागरिकों को वहां से हटाना चाहती है। इजरायल ने कहा है कि यह घेराबंदी तभी हटाई जाएगी जब हमास की तरफ से बंदी बनाए गए लोग वापस आ जाएंगे।

## कांग्रेस की पहली सूची : ज्यादातर विधायकों पर जताया विश्वास, नए चेहरों को भी मौका

# कमलनाथ छिंदवाड़ा, डॉ. गोविंद सिंह लहार से लड़ेंगे चुनाव





**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 144 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने ज्यादातर मौजूदा विधायक और पुराने चेहरों पर विश्वास जताया है। वहीं कुछ नए चेहरों को भी मौका दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। वहीं विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह को एक बार फिर लहार विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारा गया है। उम्मीदवारों की पहली सूची में पूर्व मंत्री अजय सिंह (चुरहट), रामनिवास रावत (विजयपुर), लाखन सिंह यादव (भितरवार), हर्ष यादव (देवरी), मुकेश नायक (पवई), कमलेश्वर पटेल (सिहावल), लखन घनघोरिया (जबलपुर-पूर्व), तरुण भनोट (जबलपुर-पश्चिम), ओंकार सिंह मरकाम (डिंडोरी), सुखदेव पांसे (मुलताई), सज्जन सिंह वर्मा (सोनकच्छ), विजय लक्ष्मी साधौ (महेश्वर), सचिन यादव (कसरावद), बाला बच्चन (राजपुर), जीतू पटवारी (राऊ), प्रियव्रत सिंह (खिलचीपुर) और नरेंद्र नाहटा (मनासा) शामिल हैं।

### प्रदेश में सत्य और न्याय की सरकार चुने जनता : कमलनाथ

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने विधानसभा चुनाव के लिए आज घोषित पार्टी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए लोगों से आव्हान किया कि अब जनता राज्य में सत्य और न्याय की सरकार स्थापित करें। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की है। सभी प्रत्याशियों को बधाई। उन्होंने कहा, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और मध्य प्रदेश की सम्मानित जनता का आह्वान करता हूं कि कांग्रेस के प्रत्याशियों को सफलता दिलाएं और मध्य प्रदेश में सत्य और न्याय की सरकार स्थापित करें।

### 39 प्रत्याशी पिछड़ा वर्ग से, 65 की आयु 50 वर्ष से कम

घोषित 144 प्रत्याशियों में से 39 प्रत्याशी पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति के 22 और आदिवासी वर्ग से 30 प्रत्याशी हैं, जबकि 6 अल्पसंख्यकों को भी टिकट दिया गया है। 144 में से 65 प्रत्याशियों की आयु 50 वर्ष से कम है।

### शिवराज के खिलाफ मस्ताल को उतारा



कांग्रेस ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ बुधनी से अभिनेता विक्रम मस्ताल को चुनाव मैदान में उतारा है। मस्ताल एक टीवी सीरियल में हनुमान का किरदार निभा चुके हैं।

### प्रजापति सहित 3 विधायकों को टिकट नहीं

**भोपाल, देशबन्धु।** पार्टी ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति सहित 3 विधायकों को टिकट नहीं दिया है। बताया जाता है कि श्री प्रजापति के बारे में सर्वे रिपोर्ट कमजोर पाई गई थी। गोटेगांव से प्रजापति की जगह शेखर चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं झाबुआ से कांतिलाल भूरिया की जगह उनके बेटे विक्रांत भूरिया को टिकट दिया गया है। कांतिलाल भूरिया ने खुद की जगह बेटे को टिकट देने की मांग की थी। इसी तरह कटंगी से विधायक टाम लाल का टिकट काटकर पार्टी ने पूर्व सांसद बोधराम भगत को उम्मीदवार बनाया है। वे हाल ही में भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुए थे।

### 20 नए चेहरों पर दांव

कांग्रेस ने 20 सीटों पर नए चेहरों पर दांव लगाया है। मेहगांव से विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह के भांजे राहुल भदौरिया, पिछोर से शैलेंद्र सिंह, बमोरी से ऋषि अग्रवाल, बिजावर से चरण सिंह यादव, हटा से प्रदीप खटीक, अनूपपुर से राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे रमेश सिंह, मलहरा साध्वी रामसिया भारती, सिहोरा से एकता ठाकुर, सिवनी से आनंद पंजवानी, घोड़ाडोंगरी से राहुल उइके, शमशाबाद से सिंधु विक्रम सिंह, अशोक नगर हरिबाबू राय, नरेला से मनोज शुक्ला, बुदनी से विक्रम मस्ताल, सीहोर से शशांक सक्सेना, आष्टा से कमल चौहान, बड़वाह नरेंद्र पटेल, इंदौर 2 से चिंतामणि चौकसे, इंदौर चार से राजा मंगवानी और मंदसौर से विपिन जैन को प्रत्याशी बनाया है।

### 19 महिलाओं को दिया टिकट

कांग्रेस ने पहली सूची में 19 मलिाओं को टिकट दिया है। इनमें- किरण अहिरवार को जतारा से, साध्वी राम सिया भारती को मलहरा से, कल्पना वर्मा को रैगांव से, रश्मि सिंह पटेल को नागौद से, बबीता साकेत को मनगांव से, रेनू शाह को सिंगरौली से, उमा धुर्वे को जैतपुर से, एकता ठाकुर को सिहोरा से, हिना कांवरी को लांजी से, जय श्री हरि किरण को बैरसिया से, रूपाली बारे को पंधाना से, झूमा सोलंकी को भीकनगांव से, सेना पटेल को जोबट से, रीना बोरासी को सांवेर से, माया राजेश त्रिवेदी को उज्जैन उत्तर से उम्मीदवार बनाया है।

*(प्रत्याशियों की पूरी सूची पृष्ठ 8 पर)*

## भोपाल जिले की 3 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

### मसूद को फिर मिला मौका, मंत्री सारंग के मुकाबले मनोज शुक्ला को टिकट





**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस द्वारा आज घोषित पहली सूची में भोपाल की 3 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। इनमें भोपाल मध्य से मौजूदा विधायक आरिफ मसूद पर फिर भरोसा जताया गया है, वहीं नरेला से मंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ युवा नेता मनोज शुक्ला को मैदान में उतारा गया है। जबकि बैरसिया विधानसभा क्षेत्र से जयश्री हरिकरण को फिर से टिकट दिया है। भाजपा पहले ही मध्य विधानसभा क्षेत्र से ध्रुव नारायण सिंह, नरेला से मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और बैरसिया से विष्णु खत्री को चुनाव मैदान में उतार चुकी है। इधर, कांग्रेस ने गोविंदपुरा, हुजूर, उत्तर, दक्षिण-पश्चिम से प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं।

## पीएमएलए मामले में ईडी की कार्रवाई

# पूर्व राकांपा कोषाध्यक्ष से जुड़ी 315 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनसीपी के पूर्व कोषाध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सदस्य ईश्वरलाल शंकरलाल जैन और उनके बेटे मनीष ईश्वरलाल जैन लालवानी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ईडी ने रविवार को कहा कि उसने राजमल लखीचंद ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आर एल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और मनराज ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड की 315.6 करोड़ रुपए की 70 अचल संपत्तियां कुर्क की हैं।

वित्तीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि शनिवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत राजमल लखीचंद ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आर एल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और मनराज ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने महाराष्ट्र के जलगांव, मुंबई, ठाणे और सिल्लोड और गुजरात के कच्छ सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित 70 अचल संपत्तियों और पवन चक्कियों, चांदी और हीरे के आभूषण या बुलियन और भारतीय मुद्रा जैसी चल संपत्तियों को जब्त कर लिया है।

सभी संपत्तियों का मूल्य 315.60 करोड़ रुपये है। ईडी ने कहा कि कुर्क की गई चल और अचल संपत्तियों में प्रमोटर ईश्वरलाल शंकरलाल जैन लालवानी, मनीष ईश्वरलाल जैन लालवानी और अन्य द्वारा अर्जित बेनामी संपत्तियां शामिल हैं।

### बीआरएस ने महिलाओं को 3 हजार और 400 रुपये में गैस सिलेंडर का वादा किया

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक दल जनता को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी क्रम में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में जनता से कई वादे किए हैं।

बीआरएस ने सत्ता में आने पर गरीब महिलाओं को 3,000 रुपये की वित्तीय सहायता, 400 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर, प्रत्येक बीपीएल परिवार के लिए 5 लाख रुपये का बीमा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि और किसानों के लिए निवेश सहायता में वृद्धि का वादा किया है। लगातार तीसरी बार सत्ता में आने का लक्ष्य रखते हुए, बीआरएस ने पिछले महीने छह गारंटियों के तहत कांग्रेस द्वारा की गई घोषणा से कहीं अधिक वादे किए हैं। कांग्रेस ने प्रत्येक महिला को 2,500 रुपये की वित्तीय सहायता और 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा किया था। इसने किसानों के लिए 15,000 रुपये प्रति एकड़ की वित्तीय सहायता और विभिन्न लाभार्थियों के लिए 4,000 रुपये की मासिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भी वादा किया था।

## भारतीय सेना के शीर्ष कमांडर्स का सम्मेलन आज से

# सीमा की चुनौतियों व अपनी क्षमता की समीक्षा करेगी सेना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेना चीन और पाकिस्तान से लगे अपने बॉर्डर की सुरक्षा चुनौतियों और फोर्स की क्षमता दक्षता समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा करने जा रही है। यह समीक्षा सोमवार से शुरू की जाएगी। सोमवार से भारतीय सेना के शीर्ष कमांडर्स का पांच दिवसीय सम्मेलन शुरू होने जा रहा है। आर्मी कमांडर्स की यह कॉन्फ्रेंस सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की अध्यक्षता में हो रही है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 18 अक्तूबर को सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सेना की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, सेना के कमांडरों के सम्मेलन का आयोजन 20 अक्टूबर तक नई दिल्ली में निर्धारित है। यह शीर्ष-स्तरीय द्विवार्षिक कार्यक्रम वैचारिक आधार पर विचार-विमर्श के लिए भारतीय सेना को महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों की सुविधा प्रदान करने का एक संस्थागत मंच है। इस वर्ष लाए गए नए प्रारूप को जारी रखते हुए, आगामी निर्धारित, सेना कमांडरों का सम्मेलन भी हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रथम दिवस सेना कमांडर और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी वर्चुअल रूप से मिलेंगे, तत्पश्चात शेष विचार-विमर्श कार्य भौतिक प्रारूप में आयोजित किए जाएंगे।

### सुरक्षा परिदृश्यों पर शीर्ष नेतृत्व करेगा विचार-विमर्श

इस अवसर पर रक्षा सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. अजय कुमार सूद भी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर एक संभाषण देंगे। भारतीय सेना की परिचालन तैयारियों की समीक्षा करने के अलावा वर्तमान व उभरते सुरक्षा परिदृश्यों पर शीर्ष नेतृत्व विचार-विमर्श करेगा। वे वर्तमान सुधार प्रक्रिया, प्रशिक्षण मामलों, मानव संसाधन प्रबंधन पहलुओं तथा सेवारत कर्मियों और सेवानिवृत्त सैनिकों को प्रभावित करने वाले विषयों की समीक्षा सहित महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा करेंगे। सेना के मुताबिक आर्मी कमांडरों का सम्मेलन, अपने व्यापक क्षेत्र के साथ, यह सुनिश्चित करता है कि भारतीय सेना प्रगतिशील, अग्रगामी, अनुकूलित और भविष्य के लिए तैयार रहे।

## नवरात्र के पहले ही दिन आई कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची

# बमोरी से ऋषि, राघौगढ़ से जयवर्धन तो चांचौड़ा से लक्ष्मण सिंह होंगे कांग्रेस प्रत्याशी

**गुना, देशबन्धु।** नवरात्रि के प्रथम दिवस के शुभ अवसर पर कांग्रेस ने गुना जिले की 3 सहित प्रदेशभर की 144 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। रविवार सुबह जारी कांग्रेस की लिस्ट में उम्मीद मुताबिक चांचौड़ा एवं राघौगढ़ के वर्तमान विधायक चाचा-भतीजे क्रमशः लक्ष्मण सिंह एवं जयवर्धन सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं बमोरी विधानसभा सीट से युवा चेहरा पूर्व राज्यमंत्री केएल अग्रवाल के पुत्र ऋषि अग्रवाल को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है।





बमोरी से कांग्रेस के तमाम सर्वे में ऋषि अग्रवाल का नाम प्रमुखता से बढ़त बनाए हुए था। उनके पिता केएल अग्रवाल भाजपा से दो विधायक क्रमशः 2003 में गुना एवं 2008 में बमोरी से विधायक रहे चुके थे। इसी वर्ष बमोरी से विधायक रहते हुए वह राज्यमंत्री बने। लेकिन 2013 में हार का सामना करना पड़ा। वहीं 2018 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रिकॉर्ड वोट बटोरकर राजनीति में अपना दमखम दिखाया था। बाद में लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में कांग्रेस का हाथ थमा तभी से कांग्रेस में पिता-पुत्र सक्रिय हैं।

इधर राघौगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के पुत्र विधायक जयवर्धन सिंह लगातार राघौगढ़ क्षेत्र से तीसरी बाद मैदान में हैं। उन्होंने पहला विधानसभा चुनाव वर्ष 2013 में लड़ा था। राजनीति में आने के पूर्व उन्होंने क्षेत्र में लंबी पदयात्रा की थी। अब उनका मुकाबला कभी राजनीति में उनके खास समर्थक रहे भाजपा प्रत्याशी हीरेन्द्र सिंह बंटी बना से रहेगा। वहीं चांचौड़ा से भी लगातार दूसरी बार लक्ष्मण ड्क्षसह कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरेंगे।

यहां ममता मीना के भाजपा से बगावत कर चुनावी मैदान में कूदने से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। यहां से भाजपा प्रत्याशी प्रियंका मीना पैंची एवं आम आदमी पार्टी से ममता मीना है। इधर पड़ोसी जिले अशोकनगर की बात करें तो यहां अशोकनगर से हरिबाबू राय, चंदेरी से गोपाल सिंह चौहान, मुंगावली से राव यादवेन्द्र कांग्रेस यादव प्रत्याशी हैं।

## ऋषि ने कहा, मेरी प्राथमिकता में सिर्फ बमौरी का विकास



> कांग्रेस उम्मीदवार मेहरबान बोले, कांग्रेस जिले की चारों सीट जीत कर बताएगी

**गुना, देशबन्धु।** सबसे चर्चित विधानसभा सीट बमौरी से इंजी. ऋषि अग्रवाल के नाम का ऐलान होते ही कांग्रेस पार्टी में उत्साह का वातावरण है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद ऋषि अग्रवाल पार्टी के कार्यालय पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान अग्रवाल ने अपनी प्राथमिकताएं और मुद्दे भी मीडिया को बताए।

बमौरी सीट पर ऋषि अग्रवाल की उम्मीदवार घोषित होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें मालाएं पहनाईं और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ उत्साह से लबरेज नजर आए। उन्होंने गुना जिले की चारों विधानसभा सीट पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित होने का दावा किया और जल्द ही गुना विधानसभा सीट पर भी उम्मीदवार के नाम का ऐलान होने की जानकारी दी है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान धाकड़ और बमौरी प्रत्याशी ऋषि अग्रवाल दोनों ने ही विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को उखाडऩे का संकल्प दोहराया। बमौरी प्रत्याशी ऋषि अग्रवाल ने आरोप लगाया कि बीते 10 सालों के भीतर बमौरी में विकास कार्य थम गए हैं। बमौरी सहित पूरे प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार काम कर रहा है। महंगाई और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर कांग्रेस बमौरी सहित प्रदेशभर में चुनाव लडऩे जा रही है।

## सिवाय आपके स्नेक के..कभी कुछ नहीं मांगता..: जयवर्धन



**गुना, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता जयवर्धन सिंह राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव में दस्तक दे रहे हैं। इसी सिलसिले में जयवर्धन ने देवमढ़ी-जखोदा गांवों में जनसम्पर्क किया और ग्रामीणों से समर्थन मांगा।

देवमढ़ी में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए जयवर्धन सिंह ने भावुक उद्बोधन दिया है। उन्होंने लोगों से कहाकि वह चुनाव जीतने के बाद 4 साल और 11 महीने उनकी सेवा में हाजिर रहते हैं, उनके चरणों में रहते हैं। लेकिन एक महीने ऐसा होता है जब वह ग्रामीणों से कुछ मांगने आते हैं।

जयवर्धन के उद्बोधन पर ग्रामीणों ने जमकर तालियां बजाईं और हमेशा की तरह इस बार भी समर्थन देने का तेज स्वर में ऐलान किया। देवमढ़ी पहुंचे जयवर्धन ने लोगों को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के 11 संकल्पों की जानकारी भी दी है। खासकर नारी सम्मान योजना से ग्रामीणों को अवगत कराया और इसका आवेदन भरने की पूरी प्रक्रिया एक बड़े फ्लेक्स के माध्यम से समझाई।

## मोतीपुरा में लहरा रही थी गांजे की खेती, पुलिस ने 35 लाख के पौधे किए बरामद



> आरोपी 2 भाईयों में एक दबोचा, दूसरा हुआ फरार

**गुना, देशबन्धु।** राघौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मोतीपुरा में करीब आधा बीघा भूमि पर गांजे की खेती लहरा रही थी। पुलिस द्वारा यहां दबिश देकर 3 क्विंटल 36 किलो वजनी 35 लाख कीमत के 550 गांजे के पौधे जप्त किए। यहां से पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शाम को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम मोतीपुरा के दो भाईयों सुल्तान भील व राजेन्द्र भील द्वारा अपने खेत पर बने घरों के आसपास भारी मात्रा में गांजे के पौधे लगा रखे हैं और जो दोंनो गांजे के उन पौधों को काटकर बेचने की चर्चा कर रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम तत्काल ग्राम मोतीपुरा पहुंची। यहां मुखबिर के बताये खेत के पास जाकर देखा तो करीबन आधा बीघा खेत में भारी संख्या में गांजे के पौधे खड़े थे। जिन्हें दो व्यक्ति हंसिये से काटते हुए दिखाई दिए। जिन्होंने पुलिस को देखकर वहां से दौड़ लगा दी। पुलिस फोर्स द्वारा जिनका काफी पीछा किया और बेमुश्किल एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। लेकिन दूसरा व्यक्ति खेतों व अंधेरे का फायदा लेकर वहां से भाग निकला। पुलिस की इस कार्यवाही के दौरान पकड़ में आये व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सुल्तान सिंह भील निवासी ग्राम मोतीपुरा थाना राघौगढ़ का होना बताया। वहीं भागे हुए व्यक्ति को अपना भाई राजेन्द्र उर्फ रज्जू भील बताया। इस दौरान पुलिस फोर्स द्वारा जमीन पर गांजे के उगे हुए सभी पौधों को उखाड कर जिनकी गिनती व बजन करने पर पौधों की कुल संख्या 550 और वजन 03 क्विंटल 36 किलोग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीबन 35 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस द्वारा बरामद गांजे के पौधों को विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों भाईयों पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई जुबेर खान, जंजाली चौकी प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुन्देला, पीयूष शाक्य, विनय धाकड़, वकील सिंह, अमित जाट, सुनील धाकड़, अजय शर्मा एवं रंजीत सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## सार समाचार

### कर्ज से परेशान होकर होटल संचालक ने लगाई फांसी

**गुना, देशबन्धु।** शहर की एवन कॉलोनी में एक व्यक्ति की कर्जा से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार एवन कॉलोनी निवासी संजय ठाकुर (44) पिछले चार-पांच माह से ट्रांसपोर्ट नगर में किराये की दुकान लेकर होटल संचालित कर रहे थे। इस दौरान उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगडऩे के कारण वह दुकान का किराया नहीं दे पाए। इसी पर हनुमान कॉलोनी निवासी दुकान मालिक धीरज लगातार उन्हें प्रताड़ित कर रहा था। किराए के एवज में उसने उनकी एक्टिवा गाड़ी भी रख ली थी। जिसकी प्रताडऩा से परेशान होकर संजय ने शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के पूर्व मृतक सुसाईड नोट भी छोड़ा है। जिसमें दुकान मालिक पर गंभीर आरोप लगाएं हैं। मृतक की पति, दो बच्चे एवं मां है। फिलहाल पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट मामले में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी दबोचा

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मारपीट के मामले में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को दबोचा है। दरअसल आगामी विधानसभा चुनावों को मद्देनजर रखते हुए एसपी विजय कुमार खत्री द्वारा जिले में फरार वारंटियों, इनामी बदमाशों आदि सहित विभिन्न अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड हेतु अधीनस्थों को सख्त निर्देश दिए हैं। इसी सिलसिले में सीएसपी श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा थाने के अपराध क्रमांक 129/17 धारा 341, 294, 324, 323, 506, 34 भादवि एवं न्यायालय गुना के प्रकरण में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी छोटू पुत्र रमेश रजक निवासी पुरानी छावनी गुना को रविवार को पुरानी गल्ला मंडी गुना में होने की मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए धरदबोचा। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई श्री भार्गव के अलावा नरेन्द्र गोयल, राजीव गौड़, सरनाम सिंह एवं नितिन शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है ।

### नपा आरोन में अनिवार्य मतदान की दिलाई शपथ

**गुना, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी के मार्गदशन में स्वीप कैलेण्डर अनुसार स्वीप गतिविधि जारी हैं। इसी क्रम में आज नगर परिषद आरोन द्वारा ऐसे मतदान केंद्रो पर जहां पिछले निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत कम रहा है वहां पर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने मतदान केंद्र क्रमांक 193,194 एवं 200 पर मतदाता शपथ दिलाई गई। जिसमे 90 वर्षीय मतदाता वीरसिंह लोधी द्वारा मतदान शपथ दिलाई गई साथ ही अधिक से अधिक मतदान करने हेतु अपील की। इस दौरान नगर की गलियों में ढोल बजाकर मतदाताओं से मतदान करने हेतु अपील की गई। उक्त स्वीप गतिविधि में बीएलओ,वार्ड प्रभारी एवं समस्त स्टाफ एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## कुबेरेश्वरधाम की निर्माणाधीन भोजनशाला का पंडित मिश्रा ने लिया जायजा



**सीहोर, देशबन्धु।** निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आगामी डेढ़ माह में तिरुपति और शिर्डी से भी बड़ी भोजनशाला का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा। इसको लेकर भागवत भूषण गुरुदेव पंडित प्रदीप मिश्रा ने यहां पर जारी अत्याधुनिक और आटोमेटिक किचन का जायजा लिया। मंदिर परिसर करीब 50 एकड़ से अधिक हिस्से में गौशाला, शिवलिंग का निर्माण सहित अन्य का निर्माण कार्य जारी है। वहीं 21 हजार स्क्वायर फीट से अधिक हिस्से में आधुनिक रसोईघर का निर्माण किया जाएगा। देश की सबसे अत्याधुनिक और आटोमेटिक किचन में एक वक्त में 50 हजार से अधिक लोग भोजन प्रसादी प्राप्त कर पाएंगे और अगर एक दिन की क्षमता की बात करें तो हम 1 लाख श्रद्धालुओं को भी भोजन प्रसादी उपलब्ध करवा सकते हैं। उसके मुताबिक किचन से लेकर सभी सुविधाएं जुटाई गई है। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि देश ही नहीं मध्य प्रदेश में प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम मंदिर को हाईटेक बनाने का काम लगातार चल रहा है। अब मंदिर में देश की सबसे आधुनिक भोजशाला तैयार की जा रही है। ये शिर्डी और तिरुपति से भी ज्यादा बड़ी होगी।

## आतिशबाजी विक्रय के लिए अस्थाई लायसेंस के लिए आवेदन आज से

**सीहोर, देशबन्धु।** विस्फोटक सामग्रियों के निर्माण, संधारण, परिवहन, विक्रय एवं चोरसा पटाखे विक्रय के लिए अनुज्ञप्ति से संबंधित चिन्हित 19 सेवाओं को एमपी ई-सर्विस पोर्टल के माध्यम से पूर्णतः ऑनलाइन प्रदाय किये जाने के लिए नवीन व्यवस्था प्रारम्भ की गई है।

इसके अंतर्गत सीहोर जिले में दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी विक्रय के लिए अस्थाई लायसेंस प्राप्त करने के इच्छुक आवेदनकर्ताओं द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान 16 अक्टूबर से 4 नवंबर तक किया जा सकेगा। अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए आवेदनकर्ता को ऑनलाइन आवेदन पत्र में चाही गई जानकारी के साथ संबंधित दस्तावेजों की स्कैन प्रति भी ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करनी होगी तथा अनुज्ञप्ति के लिए निर्धारित शुल्क 6 सौ रुपए कोष एवं लेखा कार्यालय के लेखाशीर्ष (0070- अन्य प्रशासनिक सेवाएं 060 अन्य सेवाएं 103 विस्फोटक अधिनियम) में ऑनलाइन ही भुगतान करना होगा। सेवा को प्राप्त करने के लिए पात्र व्यक्ति की आयु न्यूनतम 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।

## भाजपा प्रत्याशी के विधानसभा कार्यालय का शुभारंभ



**सीहोर, देशबन्धु।** नवरात्रि के पहले दिन रविवार को दोपहर में भाजपा प्रत्याशी सुदेश राय का शहर के लीसा टाकीज स्थित सीहोर विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सीहोर विधानसभा के प्रभारी के रूप में मौजूद उत्तरप्रदेश के विधायक सुनील शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रवि मालवीय आदि ने विधानसभा कार्यालय का शुभारंभ करवाया। शुभारंभ अवसर पर भाजपा प्रत्याशी सुदेश राय ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को एकजुटता से कार्य करने की बात कही। इस मौके पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के भाजपा के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर सीहोर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी उत्तरप्रदेश के विधायक श्री शर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार जनहित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सीहोर विधानसभा को व्यवस्थित व विकसित बनाने के लिए अभी बहुत काम करने की आवश्यकता है आप लोगों को चाहिए कि आप अपना निर्णय सोच समझ कर लेते हुए भाजपा को मौका दें। विधायक सुदेश राय भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं और इनका समर्पण अत्यंत ही सराहनीय व प्रशंसनीय है।

## मतदान दलों को दिया जा रहा हैं प्रथम चरण का प्रशिक्षण

**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी के निर्देशानुसार मतदलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विधानसभा आम निर्वाचन हेतु 17 अक्टूबर तक चारों विधानसभा के मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शासकीय पीजी महाविद्यालय गुना, उमावि विद्यालय बीनागंज, पॉलिटेक्निक कॉलेज राघौगढ में मतदान दलों को मास्टर ट्रैनर्स द्वारा दो पाली में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदान दलों को संपूर्ण मतदान प्रक्रिया विस्तार से बताई गयी।

## आदतन अपराधियों को किया 3-3 माह के लिए जिलाबदर

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरुण राठी द्वारा जिले में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन अनुसार विभिन्न अपराधों में लिप्त विभिन्न अपराधियों को जिलाबदर किये जाने हेतु आदेश जारी किये गये हैं। जारी आदेशानुसार राजमल पुत्र हरिप्रसाद मीना निवासी ग्राम कानाखेडी हाल गायत्री कालोनी थाना कुंभराज जिला गुना, पवन पुत्र रघुवीर सिंह राजपूत आयु 28 वर्ष निवासी ग्राम रूसल्लीखुर्द थाना आरोन जिला गुना, बुंदेल सिंह अहिरवार पुत्र लटूरा अहिरवार निवासी ग्राम पिपरोदाखुर्द थाना कैंट जिला गुना, हक्कू उर्फ जयनारायण पुत्र जमनालाल मीना निवासी ग्राम हिगोना थाना जामनेर जिला गुना, जितेन्द्र उर्फ नाना पुत्र फूलसिंह कुशवाह निवासी ग्राम बारोद थाना मक्सूदनगढ़ जिला गुना, सूरज पुत्र रामसिंह बरार निवासी कोल्हूपुरा दुर्गा कालोनी थाना कोतवाली जिला गुना, प्रदुमन पुत्र फूलसिंह मीना निवासी ग्राम देहरी थाना कुंभराज जिला गुना, रोहित खटीक पुत्र सुनील खटीक निवासी खटीक मोहल्ला कैंट थाना जिला गुना, सुरेश पुत्र जग्गू उर्फ जगदीश बंजारा निवासी मुरलीपुरा कनकटा थाना धरनावदा जिला गुना, कल्लू उर्फ हरिसिंह पुत्र हरनामसिंह मीना निवासी ग्राम ऊपरी थाना कुंभराज जिला गुना के विरूद्ध विभि-?न धाराओं में प्रकरण दर्ज होने पर तीन-तीन माह की कालावधि के लिए जिला बदर किया गया हैं। उक्त आदतन अपराधी जिलाबदर की अवधि में गुना जिले से लगे हुए समीपवर्ती जिला अशोकनगर, शिवपुरी, विदिशा एवं राजगढ़ की भौगोलिक सीमाओं से निष्कासित करने एवं बिना किसी विधि संगत एवं सक्षम आदेश, अनुमति के गुना जिले की सीमाओं के अंदर प्रवेश नही कर सकेंगे। इसके साथ ही जिला बदर की अवधि में जिस-जिस स्थान पर निवास करेगा उसकी लिखित सूचना पुलिस अधीक्षक जिला गुना एवं संबंधित थाना प्रभारी को 7 दिवस में दिया जाना अनिवार्य। यदि अनावेदक के विरूद्ध इन जिलों के किन्ही न्यायालयों में मामले चल रहे हों तब उस मामले में उपस्थिति के लिए वह पेशी के दिन इन जिलों के न्यायालय में आ एवं जा सकेगा,।

### 1.30 लाख की स्मैक के साथ 2 तस्कर दबोचे

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा थाना द्वारा स्मैक सहित नशे के दो सौदागरों को दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने 1.30 लाख रुपए की स्मैक बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शाम को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि रूठियाई वायपास पर नारोनी की पुलिया के पास दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ स्मैक बेचने के उद्देश्य से खड़े हुए हैं।

## शरदीय नवरात्रि का हुआ आगाज, शक्तिपीठों पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# अमृत मुर्हुत में घट स्थापना के साथ विराजी माता रानी



**गुना, देशबन्धु।** शरदीय नवरात्रि का शुभारंभ रविवार को हुआ। इस मौके पर शारदेय नवरात्रि की शुरुआत घट स्थापना के साथ हुई। जिले भर में जगह-जगह झांकी समितियों द्वारा प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। कई स्थानों प्रात-काल के मुहूर्त में घट स्थापना की गई, जबकि कुछ स्थानों पर झांकी समितियों ने लाभ और अमृत के मुहूर्तों का इंतजार किया। शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी झांकियां लगाई गई हैं। इस दौरान जिला मुख्यालय सहित अंचलभर में हजारों की संख्या में झांकियां सजाई गई हैं। शारदीय नवरात्र में कई सालों बाद शुभ संयोग बने हैं। ग्रह-नक्षत्रों के ये संयोग बहुत खास रहेंगे। मातारानी को गाजे-बाजे के साथ ले जाने का सिलसिला शनिवार दोपहर से ही शुरू हो गया था। इस दौरान देर रात तक ढोल नगाड़ों के बीच पांडालों तक मां अम्बे की प्रतिमाएं पहुंची।

इधर शहर में छोटी-बड़ी मिलाकर लगभग तीन सैकड़ा झांकियां शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाई गई हैं। झांकियों की तैयारियों को लेकर कई दिनों से झांकी समिति के कार्यकर्ता और उत्साही नवयुवक चंदा उगाही करके मंच आदि बनाने की व्यवस्था कर रहे थे। झांकियों के लिए टैंट, साउंड और लाईटिंग की व्यवस्था भी की गई है। इन व्यवस्थाओं के चलते कई झांकियां बेहद आकर्षक अंदाज में नजर आ रही हैं।

**गायत्री शक्तिपीठ पर हवन, यज्ञ के साथ हुआ नवरात्रि का शुभारंभ :** इधर गायत्री शक्तिपीठ गुना पर नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ हवन एवं पंच कुंडीय यज्ञ के साथ हुआ। अनुष्ठान का समापन कन्या पूजन, कन्याभोज, भंडारा के साथ होगा। गायत्री परिवार के सुनील सेन, पीएस चौहान एवं सुरेश चंद्र तिवारी ने बताया कि नवरात्रि महोत्सव में गुरुदेव के साहित्य पर 50 फीसदी की छूट दी जा रही है।

# नवरात्रि शुरू, विराजीं देवी प्रतिमाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** शारदीय नवरात्रि आज से शुरू हो गया हैं। राजधानी में नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर में आ रहा है।

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन भोर होते ही देवी मंदिरों में माता के दर्शन और पूजा के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा था। इस दौरान महिलाएं मंदिरों में जल चढ़ाने के लिए पहुंची। शहर के टीटी नगर माता मंदिर, पीरगेट स्थित मां भवानी मंदिर, पुल पुख्ता स्थित काली मंदिर शाहजानाबाद स्थित चामुंडादेवी के अलावा बिलखिरिया स्थित कंकाली देवी, सलकलपुर आदि मंदिरों में महिलाओं ने जल चढ़ाया। वहीं शहर के विभिन्न मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही जगह- जगह सजे आकर्षक पंडाल में ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच मां दुर्गा की छोटी बड़ी प्रतिमाओं की स्थापना की गई। प्रतिमाओं की स्थापना का सिलसिला दिन भर चलता रहा। इस दौरान शहर में भक्तिमय माहौल रहा। साथ ही लोगों ने वृत्त भी रखे। बता दें कि शास्त्रों की मान्यता है कि देवी इन नौ दिनों में पृथ्वी पर आकर अपने भक्तों को मनोवांछित फल देती हैं, इसलिए नवरात्रि माता भगवती की साधना का श्रेष्ठ समय होता है।

# त्यौहारों के मद्देनज़र शांति समिति की बैठक संपन्न

**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर आशीष सिंह एवं एडिशनल पुलिस कमिश्नर अवधेश गोस्वामी की अध्यक्षता में आगामी त्यौहार को देखते हुए हेतु शांति-समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में एडीएम हरेन्द्र नारायण, पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारियों सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने विद्युत विभाग को आगामी त्यौहारों को देखते हुए विद्युत सप्लाई निर्बाध रखने, जोन वाइज संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों के नंबर सर्कुलेट करने, किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न होने के विद्युत लाइनों के तारों को पर्याप्त ऊँचाई पर व्यवस्थित करने के निर्देश दिये । नगर निगम एवं पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिये कि शहर में जिन स्थानों पर गड्डों को भरने की आवश्यकता है यह कार्य तत्पर्ता से करने। नगर निगम को यह भी निर्देश दिये कि त्योहार के दौरान मीट खुले में न बिके यह सुनिश्चित किया जायें। नगर निगम तालाबों आदि के घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था रखने के साथ तैराकों की व्यस्वथा भी सुनिश्चित करें। त्योहार के दौरान पानी,बिजली आदि की व्यवस्था निर्बाध रहे कहीं कोई परेशानी ना आये इसके भी निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि आचार संहिता लागू है उसका पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। धार्मिक सभाओं, कार्यक्रमों का राजनीतिक उपयोग ना किया जाये, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। लाउड स्पीकरों का उपयोग निर्धारित समय-सीमा में कम आवाज़ पर किया जायें।

# आर्थिक विकास की आड़ में हजारों गौवंशों की हत्या की जाती हैः तरुण कृष्ण



**भोपाल, देशबन्धु।** इस्कॉन मंदिर पटेल नगर बागमुगलिया सेंटर पर आयोजित हुआ भागवत सत्संग कार्यक्रम में तरुण कृष्ण प्रभु नें कहा, श्रीमद्भगवत गीता की शिक्षा पर बनाया हुआ वर्णाश्रम सिस्टम बेस्ट हैं। उन्होंने बताया की आज आधुनिक और आर्थिक प्रगति की ओर समाज भाग रहा हैं। जिसके कारण प्रकृति का शोषण हो रहा हैं। इसलिए सभी को आध्यात्म के साथ जुड़ना चाहिए। तरुण कृष्ण ने कहा कि समाज दैविक ताप और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में भुगत रहा है। जिसमें कोरोना जैसी महामारी समाज के लिए एक बड़ा उदाहरण है। आधुनिक समय में कसाई खानों में हजारों गौवंशों की हत्या की जाती है। केवल और केवल आर्थिक विकास की आड़ में यह कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि जब तक कृषि, गौरक्षा और वाणिज्य वर्णाश्रम धर्म व्यवस्था के अंतर्गत नहीं किया जाएगा, तब तक समाज प्रकृति के शोषण पर आधारित आर्थिक विकास के लोभावश पापकर्मो में लिप्त होकर अपने लिए नर्क से भी बत्तर स्थिति बनाने के लिए गधा जैसी मेहनत करता रहेगा। प्रवचन के बाद आरती, कीर्तन और महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# थाने के नजदीक पार्क में युवक की हत्या

**भोपाल, देशबन्धु।** अयोध्या नगर थाने से करीब डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर एक पार्क में रविवार सुबह एक युवक की गला कटी लाश मिली है। उसकी पीठ और कमर पर भी चोटों के निशान हैं। युवक की शिनाख्त कर ली गई है। वह शनिवार को काम पर जाने का कहकर घर से निकला था। लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा था।



एसीपी अक्षय चौधरी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त महेंद्र अहिरवार पुत्र मांगीलाल अहिरवार उम्र 30 वर्ष के रूप में की गई है। वह मकान नंबर 128 शारदा नगर शिव मंदिर के पीछे रहता था। और औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरी करता था। महेंद्र शनिवार की सुबह घर से काम पर जाने का कह कर निकला था। रात नौ बजे उसे अयोध्या इलाके में ही देखा गया था। एक परिचित को उसने बताया था कि झांकी देखने के लिए घूम रहा है। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। रविवार सुबह अयोध्या नगर थाने के नजदीक स्थित सरयू सरोवर पार्क में सैर के लिए पहुंचे लोगों ने उसकी शव देखने के बाद चौकीदार को सूचना दी। चौकीदार ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। उसके गले पर चाकू से रेते जाने के निशान हैं। पीठ पर भी चाकू से वार के निशान थे। पुलिस ने दोपहर में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों का पता लगाने के लिए घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। साथ ही मृतक के करीबियों से पूछताछ की जा रही है।

## 2 चौकीदार करते हैं पार्क की देख रेख

एसीपी ने बताया कि पार्क की देख रेख की जिम्मेदारी दो चौकीदारों के हवाले है। दोनों अलग-अलग पालियों में नौकरी करते हैं। रात 12 बजे एक चौकीदार पार्क में ताला लगाकर चला जाता है। देर रात तक यहां ड्यूटी करने वाले चौकीदार ने पुलिस को बताया कि पार्क बंद करने से पूर्व उसने अच्छे से देखा था। तब तक पार्क में कोई नहीं था। इसके बाद क्या हुआ इसकी जानकारी उसे नहीं है। चौकीदार ने पुलिस को बताया कि कई सूखा नशा करने के आदि युवक पार्क के पिछले हिस्से की चारदीवारी को फांदकर अंदर घुस आते हैं।

## 5 महीने से पत्नी मायके में है

मृतक के बड़े भाई दिनेश अहिरवार ने बताया कि महेंद्र की शादी 5 अप्रैल 2016 में हुई थी। उसकी पत्नी रुक्मिणी गृहणी है। दिनेश विवाद के बाद वह बीते पांच महीने से चार साल के बेटे सिद्धांत के साथ रातीबढ़ के सिकंदराबाद स्थित मायके में रह रही है। दिनेश सीधा और संजीदा था। उसकी ज्यादा दोस्ती यारी भी नहीं थी। उसकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी। महेंद्र शनिवार की सुबह काम पर जाने का कह कर घर से निकला। रात करीब साढ़े आठ बजे वह अयोध्या नगर में ही भांजे को दिखा। उसने बातचीत की तो बताया कि झांकियां देखने घूम रहा है। इसके बाद घर नहीं लौटा। हमें लगा कि झांकियां देखने के लिए शायद घूम रहा होगा। देर सवेर ही सही लौट आएगा। सुबह पुलिस ने सूचना दी कि महेंद्र की मौत हो गई है। हमें किसी पर शक नहीं है। पुलिस ही पता कर रही है, उसकी हत्या किसने और क्यों कर दी।

## पिछले महिने था बेटे का जन्मदिन

दिनेश ने बताया कि पिछले महीने 20 सितंबर को महेंद्र के बेटे का जन्म था। इस दिन वह उससे मिलने ग्राम सिकंदराबाद गया था। बच्चे के साथ जन्मदिन मनाया था। उसने कभी किसी से किसी भी रंजिश के बारे में कोई जिक्र नहीं किया।

# छात्र की हत्या करने वाले 3 नाबालिग गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** बागसेवनिया में दसवीं के छात्र को चाकू से गोदकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों को रविवार को बाल न्यायालय में पेशी के बाद बाल गृह भेज दिया है। वहीं मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बाग सेवनिया थाना प्रभारी अमित सोनी ने बताया कि अमराई के रहने वाले तीन नाबालिगों को सीसीटीवी कैमरों कीतस्वीरों के आधार पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि चाय की दुकान पर पहले उनके दो साथियों को पीटा गया था। इसके बाद शुभम और उसके साथी उन्हीं के मोहल्ले से गुजर रहे थे। तब घूरने से विवाद शुरू हुआ। शुभम के साथ आठ लोग थे, उन्हें आवाज देकर रोका था। जिसके बाद मारपीट शुरू हुई, तब जमील खान उर्फ जम्मू और अरुण ने चाकू से हमला शुरू कर दिया। हम कुल 6 लोग थे, हमारे हाथ में पथर व बेल्ट थे। सभी ने मिलकर शुभम और उसके साथियों को पीटा था। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मुख्य आरोपी जमील खान और अरुण सहित एक नाबालिग फरार है। तीनों की तलाश की जा रही है।

## टिफिन सेंटर के कर्मचारी है

थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार तीनों नाबालिग आरोपी एक टिफिन सेंटर में काम करते हैं। फरार आरोपी आरोपी अरुण और एक अन्य नाबालिग भी टिफिन सेंटर में काम करता है, जबकि जमील खान एक टावर कंपनी में मजदूरी करता है। सभी आरोपी पांचवी और आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ चुके हैं।

# मोबाइल दुकान में चोरी, दर्जनों फोन चोरी कर ले गए बदमाश

**भोपाल, देशबन्धु।** हनुमानगंज थानांतर्गत गुरूनानक मार्ग स्थित एक मोबाइल दुकान में सेंध लगाकर अज्ञात बदमाश लाखों रुपये कीमत के मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। चोरी गए मोबाइल की कुल संख्या और कीमत का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक ओमप्रकाश देवनानी 47 विमानतल मार्ग स्थित पंचवटी कालोनी में रहते हैं और गुरूनानक मार्ग पर नादरा बस स्टेण्ड के समीप गुरूनानक मार्ग पर मॉय च्वाइस कलेक्शन के नाम से मोबाइल दुकान चलाते हैं। बीती 12 अक्टूबर की रात करीब सवा ग्यारह बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे ओमप्रकाश दुकान पहुंचे तो अंदर पूरा सामान बिखरा पड़ा था और पिछला दरवाजा खुला हुआ था। पीछे जाकर देखा तो दुकान की दीवार में छेद बना हुआ था। बदमाशों ने इस दीवार में छेद करके भीतर प्रवेश किया और फिर दरवाजे में लगा गोदरेज का लॉक तोड़कर दुकान के अंदर पहुंचे और दुकान में रखे अलग-अलग कंपनियों के दर्जनों मोबाइल फोन चोरी कर भाग निकले। दुकान में पीछे तरफ मोबाइलों के कुछ खाली डिब्बे पड़े हुए थे। स्टाक मिलाने के बाद ही पता चल पाएगा कि बदमाश कितने नग और कीमत के मोबाइल फोन चोरी कर ले गए हैं।


## कार से बैग चोरी

इधर, हनुमानगंज इलाके में एक व्यवसायी की कार से कीमती सामान से भरा बैग चोरी हो गया। पुलिस के मुताबिक यासिर अहमद कुरैशी 38 हाउसिंग बोर्ड कालोनी कोहेफिजा में रहते हैं और जहांगीराबाद में गैस एजेंसी की संचालन करते हैं। उनकी गुरूनानक मार्ग स्थित दवा बाजार में एक बिल्डिंग में कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। शुक्रवार शाम करीब छह बजे यासिर कंस्ट्रक्शन का काम देखने के लिए अपनी कार से पहुंचे थे। कार की पिछली सीट पर एक बैग रखा हुआ था। बैग के अंदर एप्पल मैकबुक एयर 13 इंच, हार्डडिस्क , दो पेन ड्राइव, दो एप्पल कंपनी के चार्जर, बिल्डिंग के नक्शे के कागज और आधार कार्ड की छाया प्रति रखी हुई थी। उन्होंने अपनी कार गुरूनानक मार्ग स्थित शोरूम कैम्पस के सामने पार्क की और बिल्डिंग का काम देखने चले गए। कुछ देर बाद वापस लौटे तो कार की सीट पर रखा बैग गायब था। आसपास तलाश करने के बाद भी जब बैग का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# पत्नी ने मायके जाने तैयारी की, पति ने दी जान

## 3 साल पहले की थी शादी आए दिन होते थे विवाद

**भोपाल, देशबन्धु।** छोला मंदिर इलाके में रहने वाले युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इस घटना के दौरान युवक के दोनों साले घर में थे। पत्नी मायके जाने की तैयारी में थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस को घटना स्थल से कोई पत्र नहीं मिला है। खुदकुशी के सही कारणों की जांच की जा रही है।



पुलिस के अनुसार, वीरेंद्र मीणा पुत्र भगवत सिंह मीणा शिव नगर छोला मंदिर इलाके का रहने वाला था। वह मजदूरी करता था और मूलतः शमशाद जिला विदिशा का रहने वाला था। उसने 15 अगस्त 2019 में भाई ने मधु से शादी की थी। उनका एक तीन साल का बेटा राम है। लेकिन शादी के बाद से ही पति वीरेन्द्र और पत्नी के बीच विवाद होते रहते थे। पिछले दिनों आपसी विवाद के बाद पत्नी नाराज होकर मायके चली गई थी। वहां करीब दो महीने तक रही। वीरेंद्र हाल ही में उसे मनाकर लाया था। लेकिन यहां दोनों चार दिन साथ रहे, फिर विवाद होने लगे। शनिवार को मधु ने अपने दो भाइयों को बुलाया। दोनों घर आ गए थे, वह उनके साथ मायके जाने वाली थी। बैग पैक कर रही थी कि वीरेंद्र अपने कमरे में गया और दरवाजे को अंदर से बंद कर लिया। यहां उसने अपने गमछे से फांसी लगा ली। पत्नी ने दरवाजा खोलने के लिए आवाजें दीं, गेट नहीं खुला तब वह दौड़कर थाने गई। वहां से पुलिस को बुलाकर लाई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो वीरेन्द्र का शव फंदे पर लटका था। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। रविवार को शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# सेप्सिस से बचाव के लिए एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल संभलकर करेंः डा मनीषा

## बीएमएचआरसी में स्टाफ को जागरूक करने कार्यशाला आयोजित

**भोपाल, देशबन्धु।** अस्पताल में भर्ती गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को सेप्सिस का खतरा अधिक होता है। सेप्सिस से बचाव के लिए एंटीबायोटिक दवाओं का सोच—समझकर इस्तेमाल करना आवश्यक है। लोग सर्दी-जुकाम, खांसी और डायरिया जैसी मामूली और मौसमी बीमारी में एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन करते हैं। यह बात सेप्सिस रोग के बारे में चिकित्सक , नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ को जागरूक करने के लिए भोपाल मेमोरियल हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) के निश्चेतना विभाग द्वारा गत दिवस आयोजित कार्यशाला में बीएमएचआरसी निदेशक डा मनीषा श्रीवास्तव ने कही।

डा मनीषा बताया कि चिकित्सक भी कई बार छोटी-मोटी परेशानी होने पर ही मरीज को अनावश्यक रूप से एंटीबायोटिक दवाएं लेने की सलाह देते हैं। इससे शरीर में दवाओं के प्रति रजिस्टेंस पैदा हो रहा है। ऐसे मरीजों को यदि अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत पड़ती है तो उनमें दवाएं बेअसर साबित होती हैं। इससे वे सेप्सिस के आसानी से शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर सेप्सिस पर समय रहते नियंत्रण न किया जाए, तो इससे शरीर के कई अंग गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग कालेज, पैरामेडिकल संस्थान के छात्र-छात्राओं को भी इस बारे में जागरूक करने की जरुरत है। इस अवसर पर बीएमएचआरसी के निश्चेतना विभाग में प्रोफेसर डा सारिका कटियार ने बताया कि अस्पताल में होने वाली कुल मौतों में लगभग 40-50 प्रतिशत का कारण सेप्सिस ही होता है। इस बीमारी से जिन लोगों की जान बच जाती है, उनको इससे संबंधित कई अन्य जटिलताएं घेर लेती हैं, इसलिए इस बीमारी की रोकथाम करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अगर डाक्टर और अस्पताल स्टाफ कुछ बातों का ध्यान रखे तो ऐसा किया जा सकता है। जैसे अच्छी तरह हाथ साफ करना। घावों का तुरंत उपचार करना, उन्हें साफ रखना और ठीक होने तक उन्हें ढककर रखना आवश्यक है। नियमित समय पर बताए गए टीके लगवाना भी ज़रूरी है। वार्ड में भर्ती एक मरीज से दूसरे मरीज तक संक्रमण न पहुंच पाए, इसके लिए भी विशेष प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में बीएमएचआरसी के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा इस बात पर चर्चा की गई कि अस्पताल में सेप्सिस की रोकथाम के लिए क्या- क्या प्रयास किए जा सकते हैं। सत्र के दौरान निश्चेतना विभाग व पैरामेडिकल संस्थान के विद्यार्थियों ने एक नाटक का मंचन भी किया। कार्यक्रम में बीएमएचआरसी के कई वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित थे।

# जीजा को साले ने लगाई 61 लाख की चपत

## पुलिस ने 7 साल की जांच के बाद दर्ज कया प्रकरण

**भोपाल, देशबन्धु।** ऐशबाग इलाके में एक साले ने अपने ही जीजा को 61 लाख रूपए की चपत लगा दी। बताया गया है कि दोनों साझेदारी में एक कंपनी का संचालन करते थे। लेकिन आरोपी साले ने भुगतान करने के नाम पर कंपनी के बैंक खातों से निकाली रकम को हड़प लिया इस मामले की शिकायत फरियादी की ओर से सात साल पहले की गई थी। लंबी जांच के बाद पुलिस ने अब प्रकरण दर्ज किया है।

ऐशबागथाना प्रभारी आशीष स्प्रे के मुताबिक रामेश्वर प्रताप सिंह ने अपने साले मोहित विश्वकर्मा के साथ मिलकर दूध और खाद्य की एक कंपनी एमपी नगर में खोली थी। कंपनी का बैंक खाता पदनाम नगर में स्थित आंद्रा बैंक में था। वर्ष 2016 में रामेश्वर प्रताप सिंह अपने निजी काम से गृह जिला बैतूल चला गया था, जबकि भोपाल का काम उनका साला मोहित विश्वकर्मा देख रहा था। कंपनी में दोनों की साझेदारी थी, इसलिए किसी तरह कोई परेशानी भी नहीं थी। इसी बीच मोहित ने भुगतान के नाम कंपनी के खाते से 60.87 लाख रुपए निकले और गायब हो गया। जब रामेश्वर प्रताप भोपाल लौटे तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद उन्होंने अपने साले मोहित की तलाश शुरू की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। इससे परेशान होकर रामेश्वर ने थाना पुलिस और पुलिस अफसरों को लिखित में आवेदन देकर शिकायत की थी। आवेदन की लंबी चली जांच के बाद पुलिस ने आरोपी मोहित विश्वकर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि पुलिस को अभी तक उसकी जानकारी नहीं मिली है। फिलहाल पुलिस

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह का चौथा कार्यक्रम संपन्न



**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,मप्र द्वारा संचालित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह का चौथा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन और जयप्रकाश चिकित्सालय के सिविल सर्जन की निगरानी में सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और ज़िला अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य समस्या स्क्रीनिंग, उपचार और जागरूकता शिविर आयोजित हो रहे हैं। आज गांधीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांधीनगर सीएचसी के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ राकेश कुमार की निगरानी में आज आयोजित शिविर में विभिन्न मानसिक व नशा संबंधी समस्याओं और तनाव व आत्महत्या जैसी समस्याओं की स्क्रीनिंग कर पीड़ितों को उपचार व मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रदान किया गया। इसके साथ साथ मानसिक समस्याग्रस्त लोगों के मानवाधिकारों और मातृत्व मानसिक स्वास्थ्य के विषय में लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मानसिक समस्याग्रस्त लोगों के केयरगिवर्स का भी उन्मुखीकरण किया गया व मानसिक स्वास्थ्य और टेलीमानस कार्यक्रम पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर टेली-मानस कार्यक्रम के अंतर्गत जारी मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नम्बरों को प्रचारित करते हुए एवम मनकक्ष में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी ढ्डश्वष्ट सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान जय प्रकाश चिकित्सालय में पदस्थ (मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ आर के बैरागी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सा मनोवैज्ञानिक राहुल शर्मा, मानसिक रोग नर्स उपेंद्र सिंह कंसाना , काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट्समेखला श्रीवास्तव और आराधना द्वारा सभी के मानसिक स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग की गई और आवश्यकता प्रतीत होने पर लोगों को उपचार और परामर्श दिया गया। अंत मे प्रतिभागियों के सवालों पर विशेषज्ञों द्वारा उत्तर दिए गए। कार्यक्रम में लगभग 200 से ज़्यादा लोगों ने भागीदारी की।

# अकोला अर्बन कोआपरेटिव बैंक 2 प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित



**भोपाल, देशबन्धु।** महाराष्ट्र में 30 और इंदौर में 4 शाखाओं के माध्यम से संचालित अकोला शहरी सहकारी बैंक को बैंको द्वारा बैंकिंग फ्रंटियर पुरस्कार 2023 और बैंको ब्लू रिबन बेस्ट को-ऑपरेटिव बैंक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

अकोला अर्बन बैंक के मोबाइल एप्लिकेशन को बैंकिंग फ्रंटियर की ओर से गोवा में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतिष्ठित बैंकिंग फ्रंटियर अवार्ड 2023, बैंकिंग क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ मोबाइल एप्लिकेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में बैंक के अध्यक्ष रामेश्वर फुंडकर, उपाध्यक्ष शांतनु जोशी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजन सोनटक्के शामिल हुए। इस कार्यक्रम में रिजर्व बैंक के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक पी. के. अरोड़ा ने अकोला अर्बन बैंक को सर्वश्रेष्ठ सहकारी बैंक के रूप में बैंको ब्लू रिबन -2023 से सम्मानित किया गया। अवार्ड निदेशक हरीश लखानी एवं संजय कोटक ने स्वीकार किया। श्री अरोड़ा ने अकोला अर्बन बैंक को प्रगति के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। बैंक के निदेशक मंडल ने बैंक को सर्वश्रेष्ठ मोबाइल एप्लिकेशन पुरस्कार और ब्लू रिबन पुरस्कार 2023 प्राप्त करने के लिए सभी कर्मचारियों की सराहना की। वहीं बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजन सोनटक्के ने बैंक को मिले दो पुरस्कारों पर सभी कर्मचारियों को बधाई दी और सभी की सराहना करते हुए कहा कि कर्मचारियों की मेहनत से बैंक उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है।

देशबन्धु

भोपाल, सोमवार 16 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# इज़राइल-फिलिस्तीन झगड़े में विश्वगुरु बनने की चाहत!

इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच छिड़ी जंग से कट्टर हिन्दू और कट्टर मुसलमान दोनों बहुत खुश हैं। ऐसे हिन्दुओं को इस बात में मज़ा आ रहा है कि मुसलमान मारे जा रहे हैं और मुसलमानों को इस बात में कि उनके लोग यहूदियों को सबक सिखा रहे हैं। इन दोनों फिरकों को कतई ये बुरा नहीं लग रहा है कि आखिर क़त्ल तो बेगुनाह इंसानों का ही हो रहा है। दिक्कत ये है कि हमास को आतंकवादी संगठन कहने पर मुसलमान नाराज़ हो जाते हैं और इज़राइल को आक्रान्ता बताने पर हिंदूवादी। दोनों ही भूल जाते हैं कि युद्ध किसी चीज़ का समाधान नहीं है, बल्कि वह समस्याएं ही पैदा करता है और उन्हें बढ़ाता भी है। लगभग डेढ़ साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध का अभी तक तो कोई नतीजा निकला नहीं है और न ही निकट भविष्य में ऐसा होता दिखाई देता है।

इधर हिन्दूवादियों को इस युद्ध ने मुसलमानों के ख़िलाफ़ एक और कुतर्क दे दिया है जिसके मुताबिक मुसलमान अगर ये मानते हैं कि इज़राइल ने उनकी ज़मीन हथिया ली है और वो उन्हें वापस मिलनी चाहिये तो फिर वे अयोध्या, काशी और मथुरा हिन्दुओं को वापस क्यों नहीं दे देते। राजनीतिक रूप से निरक्षर लोगों को यह बात सही लग सकती है लेकिन वास्तव में इज़राइल-फिलिस्तीन मामले की तुलना भारत के इन धर्मस्थलों से करना सिरे से ग़लत है। क्योंकि इनको लेकर विवाद थे नहीं, पैदा किये गये हैं और इनका निपटारा देश की अदालतें देर-सबेर कर ही देंगी। दूसरा- तमाम मतभेदों के बावजूद और कभी-कभार के तनाव या टकराव को छोड़ सभी धर्मों के मानने वाले शांति और भाईचारे के साथ इस देश में रहते आये हैं जबकि इज़राइल ने फिलिस्तीनी आबादी को बहुत छोटे से इलाके में रहने को मजबूर कर रखा है और उस पर भी वह लगातार हमले करता रहता है।

इस युद्ध के साथ कांग्रेस के ख़िलाफ़ भी दुष्प्रचार का नया सिलसिला चल निकला है। कांग्रेस ने पहले ही दिन निर्दोष इज़राइली नागरिकों की हत्या पर गहरा दु:ख व्यक्त किया, उनकी भर्त्सना की और युद्धविराम की अपील भी की। लेकिन फिलिस्तीन के अधिकारों की बात करते ही उस पर हमास समर्थक होने का लेबल चस्पा कर दिया गया क्योंकि कांग्रेस ने हमास की निंदा नहीं की। एक झूठ यह भी फैलाया जा रहा है कि फिलिस्तीनी नेता यासिर अराफ़ात एक आतंकवादी थे, जिन्हें इंदिरा और राजीव गांधी ने सर-आंखों पर बैठाया। इंदिरा गांधी ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए सबसे पहले फिलिस्तीन को मान्यता दी और अराफ़ात को 'नेहरू शांति पुरस्कार' दिया, उन्हें एक करोड़ रुपये और सोने की ढाल भेंट की जबकि राजीव गांधी ने उन्हें 'इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय शांति पुरस्कार' दिया। इतना ही नहीं, राजीव ने उन्हें दुनिया भर में घूमने के लिए बोइंग जहाज भी भेंट किया था। कहने की ज़रूरत नहीं कि बेसिर पैर की ऐसी बातें कहां और क्यों गढ़ी जाती है।

दो और दो को पांच बनाने में माहिर भारतीय जनता पार्टी को बताना चाहिए कि अटल बिहारी वाजपेयी ने 1977 में रामलीला मैदान पर फिलिस्तीन के समर्थन में जो कहा था, उससे वह सहमत है या नहीं। उसकी नज़र में हमास और फिलिस्तीन अगर एक ही हैं तो उसे साफ़ करना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिलिस्तीन क्यों गए थे और क्यों उन्होंने वहां का सर्वोच्च नागरिक सम्मान स्वीकार किया, क्यों यासिर अराफ़ात की कब्र पर उन्होंने फूल चढ़ाये। और अब विदेश मंत्रालय को यह कहने की ज़रूरत क्यों पड़ी कि भारत ने हमेशा से ही एक अलग और स्वतंत्र फ़िलिस्तीन राज्य का समर्थन किया है। साथ ही शांतिपूर्ण समाधान के लिए सीधी बातचीत की वकालत भी की है। क्या इज़राइल के साथ खड़े होने का ट्वीट करने के चार दिन बाद सरकार को अहसास हुआ कि उसे तटस्थ रहना चाहिये?

मज़े की बात है कि फिलिस्तीन पर सरकार की नीति को लेकर उससे पूछे गये सवालों पर जो सफाई भाजपा या सरकार को देनी थी, वह गोदी मीडिया ने दी कि भारत तो इज़राइल और फिलिस्तीन के मामले में हमेशा से तटस्थ रहा है और मोदीजी ने फिलिस्तीन का नहीं, बल्कि फिलिस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास और उसके हमले का विरोध किया है। इस तरह के हमलों के ख़िलाफ़ भारत की जो ज़ीरो टॉलरेंस की नीति है, मोदीजी के नेतृत्व में भारत उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। अच्छा है यदि सचमुच ऐसा हो रहा हो, लेकिन इज़राइल-फिलिस्तीन मामले में जब दूसरे तमाम देश प्रतिक्रिया देने के लिये सही समय का इंतज़ार कर रहे थे तब हमारी सरकार को किस बात की जल्दबाज़ी थी? क्या विश्वगुरु बनने की महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल थी कि थोड़ी देर के लिये ही सही, हर कसौटी पर जांची-परखी हुई अपनी विदेश नीति को हमने दरकिनार कर दिया?

# सिंधिया के खिलाफ बन गया यह चुनाव

लोग पूछते हैं पांचों राज्यों में कांग्रेस सबसे ज्यादा सीटें कहां जीतेगी? मतलब कांग्रेस की जीत की संभावना सब जगह है लेकिन लोग इसमें से सबसे अच्छी जीत जानना चाहते हैं। मुश्किल सवाल है! लेकिन अब राहुल को मुश्किल सवाल हल करने में मजा आने लगा है इसलिए वे हर जगह मध्य प्रदेश को सबसे ऊपर रख रहे हैं। कह रहे हैं 150।

रविवार को पहले नवरात्रि से कांग्रेस ने टिकटों की घोषणा करना शुरू कर दी। पहली लिस्ट मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के टिकटों की निकाली है। मध्य प्रदेश की आधी से ज्यादा सीटों के उम्मीदवार घोषित कर दिए। 230 में से 144। बिना गुटबाजी के केवल जीत सकने की संभावना वाले उम्मीदवार। मध्य प्रदेश में पिछले 20 सालों में यह पहला मौका है जब कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं है। नहीं तो 2003 के बाद हर विधानसभा चुनाव कांग्रेस खुद को ही हराती रही है। मध्यप्रदेश में यह मजाक खूब किया जाता रहा है कि जनता तो कांग्रेस को जिताना चाहती है मगर कांग्रेसी भी पक्के हैं अड़ जाते हैं कि नहीं जीतेंगे!

पिछले 2018 के चुनाव में भारी गुटबाजी थी। ज्योतिरादियत्य सिंधिया सीईसी (केन्द्रीय चुनाव समिति) की बैठकों में किसी का लिहाज नहीं करते थे। परिवार के विशेष कृपापात्र थे इसलिए सोनिया और राहुल जो उस समय कांग्रेस अध्यक्ष थे के सामने कमलनाथ और दिग्विजय से उलझ जाते थे। अपने सबसे ज्यादा टिकट करवाए और फिर उनको लेकर भाजपा में चले गए। अब कांग्रेस से वह समस्या खत्म हो गई है। हमेशा के लिए तो नहीं कह सकते। सिंधिया कब वापस आ जाएं इसका भरोसा नहीं है। फिलहाल तो राहुल ने कहा है कि नहीं लेंगे। मगर जैसा कि अभी पुरानी संसद के केन्द्रीय कक्ष में सोनिया गांधी के पास आकर बैठ गए थे तो ऐसे वे कभी भी सोनिया गांधी से माफी मांगकर उनका मन पिघला सकते हैं।

खैर वह बाद की बात है अभी तो कांग्रेस के लिए राहत की बात यह है कि राज्य के दोनों वरिष्ठ नेता कमलनाथ और दिग्विजय एक साथ हैं। राज्य में कोई गुट नहीं है। जबकि इसके विपरीत मध्य प्रदेश भाजपा में पहली बार इतनी भयंकर गुटबाजी देखी जा रही है। सबसे मेहनती और लोकप्रिय भी शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री होते हुए भी किनारे धकेला जा रहा है। मैसेज साफ है कि अगर भाजपा जीत भी गई तो शिवराज इस बार मुख्ययमंत्री नहीं बनेंगे। और इस दीवार पर लिखे सत्य ने भाजपा के नेताओं की 20 साल से दबी हसरतों को फिर से उभार दिया है। कैलाश विजयवर्गीय, गोपाल भार्गव तो खुलेआम खुद को मुख्यमंत्री का दावेदार बताने लगे हैं। लेकिन जो चुप हैं वे केन्दीय मंत्री नरेन्द्र तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया भी अपनी संभावनाएं देखने लगे हैं।

मजेदार यह है कि केन्द्रीय नेतृत्व को भी इससे कोई परेशानी नहीं है। वह गुटबाजी को रोकने की कोई कोशिश नहीं कर रही है। सीधा संकेत दे रही है कि चुनाव खुद मोदी जी लड़ रहे हैं। बाकी सब सामान्य केंडिडेट या नेता हैं। केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों को चुनाव लड़ाकर भाजपा यही संदेश दे रही है कि शिवराज की सरकार जीत के काबिल नहीं है इसलिए बाहरी फौज उतारना पड़ी है।



शकील अख्तर

> अभी तो कांग्रेस के लिए राहत की बात यह है कि राज्य के दोनों वरिष्ठ नेता कमलनाथ और दिग्विजय एक साथ हैं। राज्य में कोई गुट नहीं है। जबकि इसके विपरीत मध्य प्रदेश भाजपा में पहली बार इतनी भयंकर गुटबाजी देखी जा रही है। सबसे मेहनती और लोकप्रिय भी शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री होते हुए भी किनारे धकेला जा रहा है। मैसेज साफ है कि अगर भाजपा जीत भी गई तो शिवराज इस बार मुख्ययमंत्री नहीं बनेंगे।

शिवराज भी थोड़ी चुनौती देने की मुद्रा में आ गए हैं। करीब 18 साल से मुख्यमंत्री हैं। बहुत दबते हैं मगर एक सीमा होती है जब आदमी का स्वाभिमान बाहर आ जाता है। चुनाव की घोषणा के साथ ही शिवराज राज्य छोड़कर गंगा तट पर चले गए। वहां फोटो शूट करवाया। हाथ में नोटबुक लेकर हिसाब किताब लिखने का। अब किसका हिसाब लिख रहे हैं यह तो पता नहीं मगर कैमरा फेस मोदी जी की तरह ही बहुत कान्फिडेंस से किया।

अब शायद बीजेपी में पार्टी विथ डिफरेंस का मतलब यह हो गया है कि अलग-अलग कोणों से कौन अपने फोटो और वीडियो ज्यादा बेहतर बनवाता है। फोटो विथ डिफरेंस! मामा डिफरेंट रोल में आने लगे हैं। इतना साहस कि पूछ रहे हैं कि मुझे मुख्यमंत्री रहना चाहिए या नहीं। साथ ही ऐसा सवाल प्रधानमंत्री मोदी के लिए भी पूछकर और ज्यादा दुस्साहस दिखा रहे हैं। कह रहे हैं कि मोदी जी को फिर प्रधानमंत्री बनना चाहिए कि नहीं?

यह अपनी सीमाओं से बाहर जाकर सवाल पूछना है। भाजपा में इतना साहस किस का है जो मोदी बनेंगे या नहीं सोच भी सकता है। आज की तारीख में जो सोचना है वह मोदी जी को ही सोचना है। किसी नेता की तो बात छोड़िये पार्टी या संघ में भी इतनी ताकत नहीं बची है कि वह मोदी जी के बारे में कोई फैसला कर पाए। फैसला खुद मोदी जी ही करेंगे। ऐसे में शिवराज सिंह चौहान का यह दुस्साहस ही कहा जाएगा कि वे पूछ रहे हैं कि मोदी जी को बनाना चाहिए या नहीं!

नहीं कहने का अधिकार तो किसी के पास नहीं है। लेकिन शिवराज अप्रत्यक्ष रूप से मोदी जी को भी चुनौती दे रहे हैं। इसलिए मध्य प्रदेश का चुनाव अब बहुत दिलचस्प हो गया है। बीजेपी की आन्तरिक फूट और कांग्रेस की एकता इस चुनाव के अहम मुद्दे हैं। बाकी सिद्धांत, नीतियां, घोषणाएं अलग बात है। कांग्रेस ने बेहिचक भाजपा से आए हुए नेताओं को टिकट दे दिए।

सबसे महत्वपूर्ण तो दतिया में राज्य के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ भाजपा से आए अवधेश नायक को टिकट देना रहा। नरोत्तम दतिया से तीन चुनाव लगातार जीत चुके हैं। इससे पहले वे डबरा जिला ग्वालियर से लड़ते थे। मगर वह सीट रिजर्व होने के बाद 2008 से दतिया से लड़ रहे हैं। यहां कांग्रेस से उन्हें चुनौती देने वाला कोई नहीं था। मगर इस बार दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने संघ से आए नेता अवधेश नायक को उनके मुकाबले उतारकर चुनाव दिलचस्प बना दिया है। नरोत्तम पिछला चुनाव कम वोटों से जीते थे। ऐसे ही कुछ और सीटों से भी कांग्रेस ने भाजपा से आए नेताओं को टिकट दिया है। मतलब साफ है जीत ही प्रमुख है। लंबे अरसे के बाद कांग्रेस ऐसा सोच रही है।

दरअसल इस चुनाव में कांग्रेस के मन में एक बात और है। ज्योतिरादित्य सिंधिया को सबक सिखाने की भावना। आम तौर पर कांग्रेस में ऐसा होता नहीं है। लेकिन सिंधिया के विश्वासघात से जिस तरह यहां कांग्रेस सरकार गई है वह कांग्रेसी तो कांग्रेसी जनता भी नहीं भूली है। ग्वालियर चंबल संभाग जिसे सिंधिया अपना घर कहते हैं वहां इसे विश्वासघात जैसा किताबी लफ्ज़ नहीं कहा जा रहा। सीधा गद्दारी बोला जा रहा है। इसलिए ज्योतिरादित्य खुद चुनाव लड़ने से डर रहे हैं। भाजपा ने तीन केन्द्रीय मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतार दिया है। जिसमें ग्वालियर चंबल संभाग से ही आने वाले नरेन्द्र सिंह तोमर भी हैं। ऐसे में सिंधिया का चुनाव लड़ने से बचना मुश्किल ही लग रहा है। उधर कांग्रेस के नेता उन्हें लगतार चुनाव लड़ने की चुनौती दे रहे हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता डॉ. गोविन्द सिंह ने उन्हें अपने खिलाफ लहार जिला भिंड, ग्वालियर चंबल इलाके से ही लड़ने की चुनौती दी है।

सिंधिया बहुत असमंजस में हैं। खुद को चुनाव लड़ने से बचाने की कोशिश के साथ ही उन्हें अपने साथ भाजपा में आए लोगों को टिकट दिलाने का भी बड़ा काम करना है। भाजपा अभी तक 136 उम्मीवार घोषित कर चुकी है। मगर ग्वालियर चंबल संभाग में सिंधिया समर्थक चार मंत्रियों और एक विधायक को अभी तक टिकट नहीं मिला है।

सिंधिया के लिए केवल कांग्रेस ही समस्या नहीं है भाजपा के नेता भी उन्हें निपटाने में उसी ताकत से लगे हैं। पुराने नेता अपनी सीटें सिंधिया के लोगों के लिए छोड़ने को तैयार नहीं है। सिंधिया के लिए दोई दीन से गए वाली हालत हो गई है। न हलवा मिल रहा है न मांडे!

# असम के मुख्यमंत्री सांप्रदायिक दिशा में चला रहे हैं भाजपा का चुनावी अभियान

■ आशीष विश्वास

असम में, मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा ने विपक्ष के भ्रष्टाचार के नये आरोपों का जवाब देते हुए, 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए चुनाव पूर्व अभियान में विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए तीखा जवाबी हमला किया है। अन्य राज्यों के विपरीत, असम में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में थोड़ी बेहतर स्थिति में है, विभाजित विपक्ष के भीतर एकजुटता की निरंतर कमी से कुछ हद तक इसमें मदद मिली है।

भाजपा ने सांप्रदायिक आधार पर मतदाताओं के बीच ध्रुवीकरण के लिए एक उच्च-स्तरीय अभियान शुरू कर दिया है। इसके नेता कांग्रेसियों पर निशाना साध रहे हैं, जिसे उनकी पुरानी 'मुसलमानों के तुष्टिकरण की नीति' के रूप में वर्णित किया गया है। हाल ही में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के बयान में गाजा में इजरायली बलों और सशस्त्र मुस्लिम हमास समूह के बीच संघर्ष को समाप्त करने का आह्वान किया गया है, जिसने भाजपा को विपक्ष को मात देने के लिए एक और छड़ी प्रदान की है।

जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमास द्वारा उसके क्षेत्र पर हमले के बाद इजरायल के लिए भारत के समर्थन को जोरदार ढंग से रेखांकित किया है, तथा फिलिस्तीन समर्थक भावनाओं को कोई रियायत नहीं दी है, वहीं दूसरी ओर, सीडब्ल्यूसी की अपील में गाजा पट्टी पर संकटग्रस्त 23लाख मुस्लिम आबादी की लंबे समय से चली आ रही शिकायतों का उल्लेख किया गया है। वे वर्षों से कठोर इज़रायली कब्जे वाली सेना के अधीन रह रहे हैं।

> छोटी पार्टियां, जैसे रायसर दल और असम जातीय परिषद भाजपा का विरोध करते हैं लेकिन अभी तक व्यापक गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं। दिलचस्प बात यह है कि आम आदमी पार्टी ( आप ), जिसने कुछ समय पहले गुवाहाटी नगर निगम चुनावों में एक वार्ड जीतकर असम में अपना कदम रखा था, ने कमल मेधी, जो पहले रायसर दल के नेता थे, को अपने पाले में करने में कामयाब रही है।

इस प्रक्रिया में, श्री मोदी ने किसी भी स्तर पर किसी भी परामर्श के बिना, स्थायी अरब-इजरायल संघर्ष के प्रति भारत की विदेश नीति के पारंपरिक गुटनिरपेक्ष जोर को उलट दिया। कई दिनों बाद 12अक्टूबर को, भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने, स्पष्ट रूप से मुस्लिम राष्ट्रों के बड़े समूह पर संभावित नकारात्मक प्रभाव के बारे में सोचते हुए, फिलिस्तीनी संघर्ष के लिए भारत सरकार के पुराने समर्थन की पुष्टि करके मामले को संतुलित किया।

यह प्रधानमंत्री मोदी के पहले एकतरफा इजरायल समर्थक बयान से भाजपा के अस्थायी रूप से पीछे हटने का एक दुर्लभ उदाहरण था, इसका तेजी से टालमटोल वाला कदम निस्संदेह कांग्रेस के शांत रुख से प्रभावित था। सीडब्ल्यूसी द्वारा फिलिस्तीनियों के प्रति सहानुभूति और समर्थन की भारत की पिछली प्रतिबद्धता को दोहराने के साथ कांग्रेस की प्रतिक्रिया एक अपेक्षित मार्ग का पालन कर रही है।

ऐसा नहीं है कि चुनाव पूर्व अभियान के वर्तमान चरण के दौरान असम में इस तरह के सूक्ष्म सामरिक बदलावों से बहुत फर्क पड़ता है। श्री शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा विपक्ष पर हमला करने में लगातार अपने केंद्रीय नेतृत्व से भी आगे रहती है।

एक उदाहरण: भाजपा ने पश्चिम एशियाई संघर्ष पर मुस्लिम वोट-बैंक के विचारों के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए एक बार फिर कांग्रेस की निंदा की तथा राज्यवर्धन राठौड़ जैसे नेताओं ने एक आरोप लगाया। यह कांग्रेस के बयान को इंगित करने के लिए असम में भाजपा पर छोड़ दिया गया था जो पाकिस्तानी नेताओं द्वारा व्यक्त की गई भावनाओं से अलग नहीं था।

यह चाल इस मायने में कारगर साबित हुई कि शर्मा के आलोचकों को भी यह स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि चुनाव पूर्व चरण में कड़वी बहस के स्तर को अप्रत्याशित रूप से बढ़ाकर, प्रदेश भाजपा ने विपक्ष को एक कोने में धकेल दिया। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने एक प्रभावी उत्तर देते हुए बताया कि कैसे पूर्व भाजपा प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कांग्रेस द्वारा तैयार की गई गुटनिरपेक्ष विदेश नीति को जारी रखा था। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त क्षेत्र के लिए फिलिस्तीनियों के संघर्ष को भारत के निरंतर समर्थन को रिकॉर्ड में रखा था।

लेकिन असम या अन्य जगहों पर कट्टरपंथी भाजपा नेता श्री गोगोई के तथ्यात्मक रूप से सही जवाब से प्रभावित नहीं हुए। उन्होंने कहा कि 'हर कोई जानता है कि वर्तमान भाजपा, दिवंगत वाजपेयी या अब भी एल.के. अडवाणी जैसे नेताओं के प्रति दिखावा करती है'। पश्चिम बंगाल में पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, 'आडवाणी ने संसद के अंदर और बाहर या आधिकारिक नीति-निर्माण में व्यवहार के बहुलवादी मानदंडों का ईमानदारी से पालन करने वाली अपनी पिछली कार्यशैली को बिना सोचे-समझे त्याग दिया है।' श्री गोगोई इस बारे में शायद ही नासमझ थे।

जहां तक नये इंडिया गठबंधन के तत्वावधान में बहुचर्चित विपक्षी एकजुटता की बात है, तो असम में बहुत अधिक प्रगति नहीं हुई है। राज्य स्थित टीएमसी ने सुझाव दिया कि कांग्रेस और गैर-भाजपा दलों के साथ सीट समायोजन पर बातचीत शुरू होनी चाहिए, लेकिन इंडिया के घटकों की ओर से कोई हलचल नहीं हुई है, हालांकि वे जानते हैं कि भाजपा चुनावी लड़ाई के लिए तैयार है।

दुर्भाग्य से, प्रदेश कांग्रेस बेहद झगड़ालू गुटों में बंटी हुई है, भूपेन बोरा जैसे वरिष्ठ नेता पार्टी भी अंदरूनी झगड़ों में उलझे हुए हैं। सांसद बदरुद्दीन अजमल के नेतृत्व वाले अल्पसंख्यक-आधारित ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) ने कांग्रेस के साथ सीट समायोजन पर बातचीत शुरू करने का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस ने अब तक कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। उनके आलोचकों के अनुसार, पूर्वोत्तर क्षेत्र में सबसे बड़े मुस्लिम नेता के रूप में उभरने के अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, अजमल ने हाल के वर्षों में कुछ और प्रभाव खो दिया है। एआईयूडीएफ की किस्मत में गिरावट हाल के चुनावों में पार्टी की हार में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई है।

छोटी पार्टियां, जैसे रायसर दल और असम जातीय परिषद भाजपा का विरोध करते हैं लेकिन अभी तक व्यापक गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं। दिलचस्प बात यह है कि आम आदमी पार्टी (आप), जिसने कुछ समय पहले गुवाहाटी नगर निगम चुनावों में एक वार्ड जीतकर असम में अपना कदम रखा था, ने कमल मेधी, जो पहले रायसर दल के नेता थे, को अपने पाले में करने में कामयाब रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित आप के शीर्ष नेताओं के असम अभियान में सक्रिय रूप से शामिल होने के साथ, स्थानीय पार्टी नेताओं को भरोसा है कि उच्च स्तर के भ्रष्टाचार और भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ उनका अभियान क्षेत्र में नये, युवा मतदाताओं और नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को पसंद आयेगा।

कांग्रेस नेताओं के एक वर्ग ने कुछ दिन पहले ही एक सार्वजनिक समारोह में अन्य विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का अपने खेमे में शामिल होने के लिए स्वागत करने के विचार का समर्थन किया था। कुछ नेताओं को असम गण परिषद के नेताओं के साथ जुड़ने की उम्मीद थी। यह भाजपा के लिए एक बड़ा झटका होता, जिसकी अगप एक मजबूत सहयोगी है।

दुर्भाग्य से, दूसरी पंक्ति के स्थानीय क्षेत्र के नेताओं को छोड़कर, कुछ अन्य पार्टियों से, कोई भी महत्वपूर्ण या प्रतिष्ठित व्यक्ति कांग्रेस में शामिल नहीं हुआ, जिससे कांग्रेसियों का छुपा हुआ मोहभंग हुआ।

हालांकि, जैसा कि चुनाव पूर्व अभियान जारी है, विपक्षी नेताओं को उम्मीद है कि चुनाव आने तक, आम लोगों के लिए अपने विशिष्ट राजनीतिक कार्यक्रमों और परियोजनाओं के साथ एक व्यापक भाजपा विरोधी राजनीतिक मंच तैयार हो जायेगा।

## गुरवाणी विचार

# लेखे छोड़ि अलेखे छूटे हम निर्गुण लेहो उबारी

बारह माह महिना कार्तिक
कतिकि करम कमावने दोस न काहू जोगु
परमेसर ते भुआं-विआपन सभै रोग
वेमुख होवे राम ते लगनि जनम विजोग
खिन माई कौड़े होय गये जितड़े माइआ भोग
कीता कछु न होवई-लिखिया-धुर संजोग
वड़भागी मेरा प्रभु मिलै- तां उतरहि सभ वियोग
नानक कौ पभु राख लेहो-मेरे साहिब बंदी मोच
कातिकि होवे साध संग विनसहि सभै सोच।

गुरवाणी की यह पंक्तियां राग मांझ के बारह माह से ली गई है जो गुरुग्रंथ के बारह माह से ली गई है के 135 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक गुरु अर्जुन देव जी मानव मन को कातिक माह का उदाहरण देकर समझा रहे हैं कि हम जैसे भी कर्म करते हैं। उस किए गए कर्म के हिसाब से हमें प्रभु परमात्मा दंड या इनाम तजवीज करते हैं क्योंकि प्रभु परमात्मा के दरबार में धर्मराज की कचहरी में चित्रगुप्त द्वारा रखा जा रहा है तो फिर हम दोष किसे देवेंगे। हमने कर्म किया होगा उसी के हिसाब से हमें दंड या इनाम मिलने वाला है। दंड के रूप में फिर वापिस धरा पर कीड़े मकौड़े की योनि में जनम हो सकता है और इनाम के रूप में प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्राप्त हो सकता है जहां फिर सदा आनंद ही आनंद अनुभूति होती रहेगी। इसीलिए इंसान को चाहिए कि हमेशा प्रभु परमात्मा का सिमरन करते रहे।

परमेश्वर को विसारने पर हर प्रकार की व्याधि हमें आ घेरती है। जहां से हमने प्रभु परमात्मा की सिमरन बंदगी से मुंह मोड़ा वहीं से हमें तरह-तरह की व्याधियां आ घेरती हैं। हर प्रकार के सुख-सुविधा के साधन हमें क्षण मात्र में छोड़ देते हैं। इसका दोष हम किसे दें। दोष तो हमारे द्वारा किए गए कर्मों का है। जिसके कारण हमें तरह-तरह के कष्टों का सामना करना पड़ता है। उसका कोई उपचार भी नहीं है जो धुर से लिखा हुआ है, वहीं होना है। गीता द्वारा भी हमें यही बात समझाई गई है। जैसा कर्म करेगा वैसा फल देगा इसीलिए गुरवाणी द्वारा भी हमें समझाया गया है कि-

कदा दोष न देहू काहू दोष करमां आपनिया।
जो किया सो मैं पाया दोष न दीजै अवर जना।।

इसीलिए गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि हमेशा नेक कर्म करना चाहिए। प्रभु भक्ति में मन रमाना चाहिए तभी हमें प्रभु परमात्मा की प्रसन्नता प्राप्त हो सकती है और प्रभु की कृपा दृष्टि प्राप्त हो जाए तो फिर हमें किसी भी प्रकार की फिकर चिन्ता नहीं रह जाएगी। इसीलिए हमें हर वक्त प्रभु परमात्मा से अरदास करते रहना चाहिए।

हे प्रभु, ऐसी मति दीजै मेरे ठाकुर।
सदा सदा तुध धियाईं।।

पर हमारे बड़े अच्छे भाग होंगे तभी हमें इस तरह की बुद्धि प्रभु कृपा से प्राप्त हो पाएगी। इसीलिए हर वक्त प्रभु परमात्मा से विनती करते रहना चाहिए कि अगर प्रभु परमात्मा हमारे द्वारा गएि गए कर्मों का हिसाब करने लग जाएंगे तो फिर हमें कहीं जगह नहीं मिलेगी।

लेखे छोड़ि अलेखे छूटे हम निर्गुण लेहो उबारी।
नानक दास संत पाछे परियो राख लेहो ऐह बारी।।

प्रभु परमात्मा हमारे पर तरस करते हुए हमारे द्वारा किए कर्मों का लेखा-जोखा न करे और हमें अपनी शरण में लेकर अपने चरणों में स्थान दे देवें तभी हमारा मानव जीवन पाकर आना सार्थक हो पाएगा।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# दुर्गम गांव में नेटवर्क भी मुश्किल

कभी कभी ऐसा लगता है कि एक भारत में दो देश बस रहा है। एक वह भारत जो शहरीकरण का रूप है। जहां आधुनिक टेक्नालॉजी से सुसज्जित सभी सुविधाएं मौजूद हैं। जहां जीने की सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। जहां उन्नत सड़कें, अस्पताल, बच्चों के लिए स्कूल, आवागमन के सभी साधन, बिजली और पानी जैसी ज़रूरत की सभी चीज़ें उपलब्ध हैं। जहां नेटवर्क इतनी तेज़ सुविधा है कि एक क्लिक में आप अपनी मनपसंद की चीज़ें मंगवा सकते हैं। लेकिन इसी भारत का एक दूसरा रूप ग्रामीण क्षेत्र है। जो अपनी बुनियादी ज़रूरतों के लिए भी तरसता है। शहरों से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में फिर भी विकास हुआ है, लेकिन दूर दराज़ के कई ऐसे गांव हैं जहां अन्य सुविधाओं की बात तो दूर, नेटवर्क जैसी सुविधा तक मयस्सर नहीं है। इन इलाकों के लोग जहां अपनों से बात करने के लिए तरस जाते हैं वहीं युवा और छात्र रोज़गार और शिक्षा में पिछड़ रहे हैं।

इस संबंध में 11वीं में पढ़ने वाली गांव की एक छात्रा योगिता कहती हैं कि मुझे अपनी पढ़ाई से संबंधित नवीनतम जानकारियों के लिए इंटरनेट का सहारा लेना पड़ता है। कई बार क्लासें ऑनलाइन भी हो जाती हैं। लेकिन नेटवर्क की कमी के कारण न तो मुझे कोई जानकारी उपलब्ध हो पाती है और न ही मैं अपने विषय में अपडेट रह पाती हूं। कई बार ऑनलाइन क्लास में शामिल होने के लिए मुझे घर से बहुत दूर पहाड़ों पर जाना पड़ता है। यदि गांव में नेटवर्क की पूरी सुविधा होती तो मुझे ऑनलाइन क्लास के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। वहीं गांव के एक युवा बताते हैं कि आजकल नौकरी के लिए विज्ञापन से लेकर आवेदन भरने तक सभी चीज़ें ऑनलाइन हो गई हैं। गांव में नेटवर्क की सुविधा नहीं होने के कारण कई बार हमें विज्ञापन के प्रकाशित होने की सूचना तब मिलती है जब उसकी अंतिम तिथि होती है या वह निकल चुकी होती है। युवा आवेदन भरने के लिए शहरों के साइबर कैफे जाते हैं लेकिन हम जैसे आर्थिक रूप से कमज़ोर आवेदकों के लिए बार बार पैसे खर्च करके शहर जाना बहुत मुश्किल होता है।

40 वर्षीय किशन कहते हैं कि मैं पेयजल विभाग में काम करता हूं। पानी से संबंधित लोगों की शिकायतों को दूर करना मेरी ज़िम्मेदारी है। लेकिन गांव में नेटवर्क की समस्या होने के कारण लोग मुझे कॉल नहीं कर पाते हैं। कई बार उनके संदेश मुझ तक पहुंच भी नहीं पाते हैं और उन्हें अकारण ही कई दिनों तक समस्याओं से जूझना पड़ता है। किशन कहते हैं कि दैनिक दिनचर्या में पानी कितना महत्वपूर्ण है, मैं भी समझता हूं, इसलिए सूचना मिलते ही मैं समस्या के निवारण के लिए निकल पड़ता हूं। लेकिन नेटवर्क की समस्या के कारण लोग मुझसे संपर्क नहीं कर पाते हैं तो इसमें मेरा क्या दोष है? वह कहते हैं कि यदि गांव में नेटवर्क की समस्या दूर हो जाए तो गांव वालों की आधी परेशानी ख़त्म हो जायेगी। बहरहाल, सवाल यह उठता है कि आखिर उनके गांव के साथ ऐसा व्यवहार क्यों? उन लोगों को नेटवर्क जैसी सुविधाओं से भी वंचित क्यों रखा जाता है? उनकी समस्याओं पर स्थानीय प्रशासन या जनप्रतिनिधि गंभीरता से ध्यान क्यों नहीं देते हैं?

**निशा दानू, कपकोट, उत्तराखंड**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार–समाचार

### राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेंगे सीएम राईज स्कूल के खिलाड़ी




**सिरोंज, देशबन्धु।** 16 से 20 अक्टूबर तक शालेय शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन मंदसौर में किया जा रहा है। जिसमें इसमें सीएम राइस विद्यालय के विद्यार्थी विशाल कुशवाह, सुमित कुशवाह, करण अहिरवार, गौरव सुमन, मुकुल कीर्ति विश्वकर्मा, निशा कुशवाहा, पलक अहिरवार, मुस्कान विश्वकर्मा, राधिका सेन एवं शा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरोंज से अस्मिका कुशवाह भोपाल संभाग की ओर से सहभागिता करेंगे। इस अवसर पर सीएम राइस विद्यालय के महेश कुमार ताम्रकार, शा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य उमेश कुमार सोनी, श्याम भैया, जमशेद खान, केशव शर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### 2आदतन अपराधी 4-4 माह के लिए जिलाबदर

**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी ज्ञानसिंह रायसिख पिता ठाकुर सिंह रायसिख निवासी वार्ड नम्बर–10 पम्प हाउस टोहरिया सुल्तानपुर थाना सुल्तानपुर जिला रायसेन को चार माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2009 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 12 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी भारत सिंह लोवंशी पिता चतर सिंह लोवंशी निवासी ग्राम बमूलिया पवार थाना मण्डीदीप जिला रायसेन को 04 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2011 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 23 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी ज्ञानसिंह रायसिख और आरोपी भारत सिंह लोवंशी को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से 04–04 माह के लिए निष्कासित किया गया है।

### कई अपराधों में आरोपी को जिलाबदर

**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी माखन गुर्जर पिता गनेशराम गुर्जर निवासी ग्राम बिलारखोह थाना उमरावगंज जिला रायसेन को तीन माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित/जिलाबदर किया गया है। आरोपी वर्ष 2007 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 07 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी माखन गुर्जर को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से तीन माह के लिए निष्कासित किया गया है।

### मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित

**रायसेन, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप प्लान के तहत जिले के रायसेन, गैरतगंज, बेगमगंज, औबेदुल्लागंज, मण्डीदीप, बरेली सहित सभी निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में रैली, मेहंदी, रंगोली, दीवार लेखन, नाटक सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशों का पालन न करने पर की कार्रवाई

# प्रशिक्षण से अनुपस्थित 9 सेक्टर अधिकारियों को नोटिस जारी



**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा आम निर्वाचन–2023 के संदर्भ में स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में शनिवार को जिले की चारों विधानसभाओं के सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने उक्त प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 9 सेक्टर अधिकारियों को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं राष्ट्रीय महत्व के कार्य को गंभीरता से ना लेकर निर्देशों की अवहेलना करने पर लोक सेवा प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा–32 निर्वाचन संचालन नियम और मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं।


जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे ने सिलवानी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर अधिकारी नरेन्द्र लोधी प्राचार्य शास.उ.मा.वि. साईखेड़ा तहसील सिलवानी, नरेश रघुवंशी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सिलवानी, केएल शर्मा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम रायसेन, सांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर अधिकारी एसके मालवीय कार्यपालन यंत्री पीएचई रायसेन तथा अशोक ठाकुर उपयंत्री भवन लोक निर्माण विभाग पीआईयू रायसेन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। इसी प्रकार भोजपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर अधिकारी डॉ राजीव जैन वरिष्ठ पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र औबेदुल्लागंज तथा डॉ देवेन्द्र सिंह जादौन वरिष्ठ पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ पशु चिकित्सालय औबेदुल्लागंज और उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर अधिकारी आरके कैथल जिला खनिज अधिकारी एवं डॉ सतीश चौरे खण्ड पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी औबेदुल्लागंज को कारण बताओ सूचना जारी किया गया है। इन सभी संबंधित सेक्टर अधिकारियों को तीन दिवस में कारण स्पष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं कि क्यों ना संबंधितों के विरूद्ध निर्वाचन संचालन नियम तथा मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। समयावधि में उत्तर प्राप्त नहीं होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगी पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा

**रायसेन, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग द्वारा मप्र विधानसभा निर्वाचन–2023 में 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ और दिव्यांगज मतदाताओं को घर बैठे मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे ने जिले के सभी सेक्टर अधिकारियों, बीएलओ सहित अन्य अधिकारियों को 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा के विकल्प को चुनने के लिए निर्धारित फॉर्म 12–डी के वितरण के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। जिले में 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ और दिव्यांगज मतदाताओं को घर–घर जाकर फॉर्म12 डी का वितरण बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के माध्यम से कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि यदि 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाता, 40 प्रतिशत से अधिक के दिव्यांग मतदाता या अत्यावश्यक सेवाओं में संलग्न मतदाता के नाम से पोस्टल बैलेट जारी हो गया है, तो फिर वह किसी भी मतदान केंद्र में जाकर मतदान नहीं कर सकेगा।

# घट स्थापना के साथ शारदीय नवरात्रि शुरू

### देर रात तक हुई प्रतिमाओं की स्थापना



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नवरात्र का शुभारंभ रविवार से हो गया सुबह से लेकर देर रात तक घट स्थापना के साथ पंडालून में देवी प्रतिमाओं को स्थापित किया गया। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में दुर्गा पंडाल सजाए गए हैं। देवी भक्तों ने कई जगह जवारे भी बोय है। पंडित संजय भार्गव ने बताया कि शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की गई है इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आई है उनका यह आगमन शुभ माना जा रहा है। शहर के प्रसिद्ध शीतला शक्ति धाम में भी प्रात: 4 बजे से श्रद्धालुओं ने माता रानी को जल अभिषेक करना प्रारंभ कर दिया था। शक्ति धाम के प्रवक्ता बिना सक्सेना ने बताया कि माता के दरबार में इस बार स्टील से बना मुख्य गेट लगाया गया है। मुख्य द्वार से लेकर बाहर तक आकर्षक साज सज्जा की गई है। शीतला शक्ति धाम पर 19 अक्टूबर गुरुवार को पंचमी की महारथी रात्रि 12-बजे की जाएगी इसके बाद 20 अक्टूबर शुक्रवार को भैरव छत पर रात्रि 12 बजे भैरव जी की विशेष आरती होगी 23 अक्टूबर सोमवार को नवमी पर शक्ति धाम पर कन्या भोज का आवेदन होगा और 24 अक्टूबर मंगलवार को दशहरा पर पर प्रतिमा विसर्जन चल समारोह के अवसर पर मुख्य मार्ग से निकलने वाली झांकियां का पूजन अर्चन शक्ति धाम सेवा समिति द्वारा किया जाएगा। बालों की इस बार विधानसभा चुनाव के आचार संहिता के चलते झांकी आयोजकों को विशेष निर्देश दिए गए हैं जिसमें ध्वनि में तर्क यंत्रों के अलावा कोई भी आयोजन करने के लिए अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है। वही दशहरा पर पर उसी दिन झांकियां के विसर्जन की हिदायत दी गई है।

# बाल विवाह मुक्त भारत की दिलाई शपथ




**सिरोंज, देशबन्धु।** बालिका छात्रावास में तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा बचपन बचाओ आंदोलन संस्था भोपाल द्वारा बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु, जमीनी स्तर पर जागरूकता एवं संवेदनशील जाग्रत अभियान अंतर्गत ,शासन प्रशासन ,सामाजिक संस्थाओं के जन सहयोग एवं जन सहभागिता से प्रदेश में समस्त पैरालीगल वॉलंटियर के माध्यम से स्कूल आदि स्थानीय समुदाय आदि में बाल विवाह प्रथा के विरुद्ध शपथ ग्रहण सपन्न करवाए जायेंगे। इसी क्रम में सिरोंज के पैरालीगल वालंटियर समाजसेवी रामबाबू कुशवाह ने छात्राओं को बचपन बचाओ अभियान और बाल विवाह प्रथा के बारे में बताया। पैरालीगल वॉलंटियर रोशनी कुशवाह ने बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलवाई। इस दौरान अधीक्षिका अंगूरी साहू और साहयिक अधीक्षिका ममता ताम्रकार, पैरालीगल वॉलंटियर श्रीमती रोशनी कुशवाह, समाजसेवी रामबाबू कुशवाह सहित बड़ी संख्या छात्राएं उपस्थित रही

# भाजपा प्रत्याशी उमाकांत के पक्ष में मुख्यमंत्री की लटेरी में जनसभा 20 को



**सिरोंज, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 20 अक्टूबर को लटेरी में भाजपा प्रत्याशी उमाकांश शर्मा के पक्ष में जनसभा को संबोधित करने आएंगे। इसको लेकर रविवार को नगर मंडल की कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक में भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कह कि मैं भी आपकी तरह भाजपा का सामान्य कार्यकर्ता हूं। जनता के विश्वास पर संगठन ने मुझे फिर से प्रत्याशी बनाया है अब आप सबको मिलकर लक्ष्मीकांत शर्मा बनकर चुनाव लड़ना है। उन्होंने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं से 20 अक्टूबर को लटेरी के मेला ग्राउंड पर आयोजित होने वाली मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की जनसभा में प्रत्येक मतदान केंद्र से कार्यकर्ताओं की सहभागिता करने लिए जानकारी दी।

इस दौरान रमेश यादव ने कहा कि हमारे वरिष्ठ नेतृत्व ने उमाकांत को पहले दौर में टिकिट देकर हम सबके नेता लक्ष्मीकांत को अपनी श्रद्धांजलि दे दी है। चुनाव के साथ धार्मिक त्यौहारों का भी समय है लेकिन हम सब कार्यकर्ता अब 3 दिसंबर को मतगणना में भाजपा प्रत्याशी

▸ तैयारी को लेकर हुई नगर मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक

उमाकांत शर्मा को विजय बनाकर ही नवरात्रि ओर दीवाली का त्यौहार मनाएंगे। बैठक को जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर शर्मा,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी, आईटी विभाग और बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी सक्षम अग्रवाल ने भी संबोधित किया। संचालन शिवकुमार भार्गव ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधानसभा विस्तारक कमलेश जायसवाल,संयोजक कैलाश शर्मा,मंडल प्रभारी हरिबाबू भार्गव, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, नपा उपाध्यक्ष मनोज शर्मा,पूर्व नपाध्यक्ष पदम् ताम्रकार,संतोष चौरे, राजेन्द्र गर्ग,डॉ पीके विश्वास,लियाकत मिया,जितेंद्र बघेल,रवि सोनी,आदि के साथ बड़ी संख्या में बूथ केंद्र के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# चेन स्नेचिंग के 2 आरोपी बाईक सहित गिरफ्तार



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** जैन मंदिर से वापस आ रही एक महिला के गले से चेन खींचकर भागने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए एक आरोपी पुष्पेंद्र उर्फ घेला प्रजापति निवासी ललितपुर पर डेढ़ दर्जन से अधिक अपराधिक मामले विभिन्न शहरों के थानों में दर्ज हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से चैन पेंडल और घटना में प्रयुक्त की गई मोटरसाइकिल पल्सर एमपी 09 वीजी 1370 जब्त की है।जिला पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने पुलिस थाने में आयोजित पत्रकार वार्ता में घटना की जानकारी देते हुए बताया कि चैन स्नेचिंग की घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए जांच दल गठित किए गए साइबर सेल की मदद से आरोपियों को पकड़ने में , सफलता प्राप्त हुई है और आरोपियों पर 10000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था पत्रकार वार्ता में बताया गया कि पकड़ा गया आरोपी पुष्पेंद्र उर्फ घेला प्रजापति पर ललितपुर जी आर पी में सात, कोतवाली ललितपुर में चार, जखौरा में एक, इंदौर में पांच अपराध, जीआरपी भोपाल में एक, टीकमगढ़ में एक अपराध पंजीबद्ध है। वहीं दूसरे आरोपी पर भी दो अपराघ ललितपुर में दर्ज हैं। दोनों आरोपी ललितपुर के निवासी हैं।

# अनियंत्रित कार मजदूरों के वाहन से टकराई, 3 की मौत

▸ कार सवार पति–पत्नी गंभीर घायल



**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के नूराबाद थाना अंतर्गत टेकरी के पास स्टॉप सेंटर के समीप पंजाब से तमिलनाडु जा रही कार अचानक अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे पर काम कर रहे मजदूरों के वाहन से जा टकराई। इस भीषण दुर्घटना में तीन मजदूरों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कार चालक एवं उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल में घायलों को भर्ती के दौरान चिकित्सकों की लापरवाही देखने को मिली, जहां जिंदगी और मौत से जूझ रहे पति–पत्नी को सही ढंग से उपचार भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कार क्रमांक 22 बीएच 0971 ए को चला रहे श्रीनिवास नामक तमिलनाडु का व्यक्ति अपनी पत्नी अनीता के साथ पंजाब से तमिलनाडु जा रहा था। रविवार की दोपहर 1 बजे के लगभग टेकरी स्टॉप सेंटर के पास अचानक कर अनियंत्रित हो गई और पथ इंडिया का काम कर रहे मजदूरों के वाहन से जा टकराई। कार की टक्कर इतनी भीषण थी कि एक मजदूर का पूरा पेट ही फट गया तो वही दो अन्य मजदूरों की भी घटनास्थल पर भी मौत हो गई। मृतकों में रामदयाल निवासी जेबरा टीकमगढ़, रामअवतार निवासी बिहार, दिनेश निवासी टीकमगढ़ शामिल हैं। इस दुर्घटना में कार चालक व उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही नूराबाद थाना पुलिस एवं पथ इंडिया कंपनी के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस द्वारा फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# अग्रसेन जयंती पर निकला चल समारोह, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम






**भेरुन्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** अग्रकुल प्रवर्तक महाराजाधिराज अग्रसेन महाराज की जयंती इस वर्ष समाज के नवीन अग्रसेन भवन में मनाई जा रही है। जहां एक सप्ताह तक महिलाओं और बच्चों के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर खाटू श्याम की भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष समाज का चल समारोह समाज के आचाय रज्जू भैया शर्मा के सानिध्य में गांधी चौक से आरंभ किया गया। चल समारोह का रायल मार्केट में पूनम साड़ी सेंटर पर रीना मुकुल अग्रवाल ने स्वागत किय। इसके बाद जे पी मार्केट में मोहन अग्रवाल मोहन रेडिमेड, इसके बाद नगर परिषद अध्यक्ष मारूति शिशिर, मांगीलालजी खंडेलवाल चंद्रकांत खंडेलवाल रितेश मकवाना, महेन्द्र जाट, नीरज शर्मा, पवन , एवं अन्य सहयोगियों ने पुष्प बर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद बस स्टैंड पर बाबा कचौड़ी कार्नर पर स्वागत किया गया। अग्रसेन चौराहे पर महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर सामाजिक बंधुओं द्वारा माल्यार्पण किया गया।

चल समारोह भोपाल रोड स्थित अग्रसेन धर्मशाला में पहुंच कर एक सभा में परिवर्तित हो गया। समारोह की अध्यक्षता समाज के आचार्य रज्जू भैया वैध ने की । मुख्य अतिथि के रूप में डां अनिता गोयल, विशेष अतिथि के रूप में शैलेन्द्र अग्रवाल पूर्व मंडी सचिव, राजेश अग्रवाल अधिमान्य पत्रकार एवं अध्यक्ष केमिस्ट एसोसिएशन, कैलाश अग्रवाल एवं अग्रवाल समाज के बुजुर्गो के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रमों में सफल रहे प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। अग्रवाल समाज अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुशील अग्रवाल , महिला मंडल अध्यक्ष शशि कैलाश अग्रवाल, नवयुवक प्रभारी हिमांशु अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल एवं अन्य समाजजनों का सराहनीय योगदान रहा।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### पीछे से रेत के डम्फर में घुसी यात्री बस, बड़ा हादसा टला



**बैतूल, देशबन्धु।** रविवार दोपहर नेशनल हाइवे फोरलेन पर एक बड़ा सड़क हादसा होते होते टल गया। भोपाल से आ रही यात्री बस सामने चल रहे रेत से भरे डंपर में जा घुसी। हालांकि घटना में किसी भी यात्री को चोट नहीं लगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक भोपाल से पांढुर्ना के लोधिखेड़ा जा रही यादव बस सर्विस मरामझिरी क्रॉस कर रही थी इसी बीच रफ्तार तेज होने और कंट्रोल ना होने की वजह से बस सीधे आगे चल रहे डम्फर से टकरा गई । जिससे बस का कांच ओर हेडलाइट क्षतिग्रस्त हो गए । सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची ओर यात्रियों को दूसरी बस में सवार कर आगे रवाना किया।

### पूणे में अंश हुए सम्मानित



**बैतूल, देशबन्धु।** भारतीय स्वतंत्रता की वर्षगांठ वर्ष में वायु सेना दिवस के उपलक्ष्य में कर्तव्यम सोशल फाउंडेशन संस्था पूणे द्वारा कर्तव्यम अखिल भारतीय स्तरीय कर्तव्यम प्रेरणा महासम्मेलन पूणे में संपन्न हुआ। कार्यक्रम आईपीएस कृष्णप्रकाश, ब्रिगेडियर राजेश गायकवाड़, संस्था सचिव क्रांति कुमार महाजन, संचालक एनवायके अतुल जे निकम, निदेशक जी–20 सचिवालय, भारत सरकार संजीव जैन्थ के आतिथ्य में और संस्था के संस्थापक संतोष भाउ बारणें की अध्यक्षता में सपंन्न हुआ। इस मौके पर भारत की विभिन्न प्रतिभाओं को भारत गौरव, भारत गौरव पुरस्कार एवं कर्तव्य प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसके अंतर्गत बैतूल के अंश मालवी को अटल ट्रिंकिग लैब के मास्टर ट्रेनर और इलेक्ट्रानिक के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए अवार्ड से नवाजा गया। इनकी इस उपलब्धि पर ईष्ट मित्रों और परिजनों ने बधाई दी है।

### ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन

**सारनी, देशबन्धु।** सारनी ब्लॉक की कार्यकारिणी की घोषणा रविवार को ब्लॉक अध्यक्ष किशोर चौहान ने की। कार्यकारिणी की घोषणा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश,पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे कि सहमति और संगठन प्रभारी चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी की अनुशंसा पर की गई है। जिसमें अध्यक्ष किशोर चौहान एवं उपाध्यक्ष राजेश बातव,धनराज पवार,उमाशंकर सोनी, सोमालाल पाल,किशोर खेड़ाउ,रामआश्रय वर्मा, किशतराम,दिनेश डोईफोडे को नियुक्त किया गया हैजबकि ब्लॉक महामंत्री के पद पर पंकज मालवीय, डीडी देशमुख,गोविंद एरोलू,राशिद खान, शांतिलाल पाल,श्याम चौरे,मनोज वगद्रे को नियुक्ति किया गया। सारणी ब्लॉक सचिन के पद पर संदीप पंडोले, लक्ष्मी नारायण झारबडे, दीपक गोहिमा,हरीश पटेल,जयप्रकाश यादव, सनोज देशमुख,नईम खान,आसिफ खान,बंटी करोसिया को बनाया गया है। ब्लॉक सहसचिव के पद पर परसराम सराठे,रमेश मान्नासे,विजय कुशवाहा, श्याम यादव,राजेश लोखंडे,नितेश हाथिया, निलेश रायपुरे,मधुकर मालवीय,लक्ष्मीचंद पाटिल की नियुक्ति की गई है।जबकि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पद पर कांग्रेस के प्रवक्ता के रूप में वजीर अंसारी को नियुक्त किया गया है, और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष के पद पर विलास लोणारे की नियुक्ति दी गई है।

# जयकारों के साथ कई स्थानों पर विराजी जगदंबा की प्रतिमाएं

**शारदीय नवरात्रि पर्व शुरू**



**सारनी, देशबन्धु।** शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को जयकारे की गूंज और ढोल धमाके और आशिबाजी की आवाज के साथ श्रद्धालुओं ने माता रानी की प्रतिमा को विराजित किया। बगडोना,शोभापुर पाथाखेड़ा और सारनी क्षेत्र में 40 से अधिक स्थानों पर सार्वजनिक दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गई है। नवरात्र और आदर्श आचार संहिता लगे होने की वजह से स्थानीय पुलिस प्रशासन भी सक्रिय रहा। रविवार सुबह पाथाखेड़ा शोभापुर और सारनी के वह स्थान जहां से मां दुर्गे की प्रतिमा को श्रद्धालु लेकर गए। सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लगे होने की वजह से जितने भी स्थान पर सार्वजनिक दुर्गा प्रतिमा की स्थापना हुई है उन सभी दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारी को साउंड सिस्टम बजाने के लिए एसडीएम से अनुमति लेनी पड़ेगी और नियम शर्त के अनुसार लाउडस्पीकर का संचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नौ दिनों तक पूजा आराधना के लिए समिति के पदाधिकारी को नियुक्त किया जाना चाहिए और नियम के अनुरूप पंडाल में पूजा आराधना किया जाना चाहिए साथ ही संस्कृति कार्यक्रम के लिए समिति के पदाधिकारी के द्वारा स्थानिक पुलिस और प्रशासन से अनुमति लेकर ही कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए ऐसा न किए जाने पर करवाई होने की संभावना से नजर अंदाज नहीं किया जा सकता।

**होंगे अनेक कार्यक्रम:** सारनी के रामरख्यानी स्टेडियम में सतपुड़ा सांस्कृतिक उत्सव समिति के तत्वाधान में पूरे 9 दिनों तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा आयोजन समिति के पदाधिकारी ने बताया कि रविवार को मां दुर्गा मूर्ति स्थापना देवी शैल्या पुत्री पूजन और शाम के समय में हनुमान चालीसा मंडल के माध्यम से कार्यक्रम, 16 अक्टूबर को महादेवी ब्रह्म ऋष्री पूजन मां जगदंबा देवी जागरण ग्रुप नंदन दमुआ के माध्यम से कार्यक्रम किया जाएगा, 17 अक्टूबर को शाम को कार्यक्रम स्थल पर आर्केस्ट्रा हरमोनिया का आयोजन किया जाएगा, 18 अक्टूबर को शिव भोले जागरण के माध्यम से कार्यक्रम,19 अक्टूबर को कामयाबी म्यूजिकल ग्रुप जबलपुर के माध्यम से कार्यक्रम की प्रस्तुति, 20 अक्टूबर को मां बिजासन देवी जागरण ग्रुप के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन, 21 अक्टूबर को आदिवासी आलीवाड़ा लोक नृत्य जुन्नारदेव के माध्यम से शानदार प्रस्तुति, 22 अक्टूबर को बाबा के अंगने में नच बलिए का आयोजन और 23 अक्टूबर को जगन्नाथ एस एन डी डांस और कलर ग्रुप के माध्यम से प्रस्तुति 24 अक्टूबर को स्टेडियम प्रांगण में रावण दहन एवं रामलीला मंडली के माध्यम से शानदार प्रस्तुति की जाएगी।

# कुएं में मिले तेंदुए और बंदर के शव, पेड़ की डाली टूटने से गिर गए थे



**पोस्टमार्टम के बाद किया अंतिम संस्कार**

**मुलताई,देशबन्धु।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरखेड एवं देवभिलाई के बीच एक किसान के कुएं में शनिवार एक तेंदुआ एवं बंदर के शव मिले थे। सूचना मिलने दोपहर में ग्रामीणों द्वारा वनविभाग के अधिकारियों को दे दी गई थी। वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुचकर देर शाम शव मिलने की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी थी। देर रात तक दोनों के शव को कुएं से नही निकाला गया था। रविवार सुबह दोनो के शव निकलवाकर मौके पर ही शव का पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान डीएफओ बैतूल विज्यानतम पीआर, रेंजर नितिन पवार, पशु चिकित्सकों सहित वन विभाग का अमला मौजूद था। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार तेंदुआ एवं बंदर के शवों की कुएं में होने की सूचना मिली थी,लेकिन रात होने से वन विभाग के नियमों का हवाला देकर सुबह शवों को निकाल कर पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार की कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि नरखेड–देव भिलाई के बीच ग्रामीण गोपाल माकोड़े के खेत के पास स्थित कुआं था। जिसके पास ही पेड़ था, जिस पर से तेंदुआ एवं बंदर डाली टूटने के कारण कुएं में गिरे होंगे। घटना के समय आसपास कोई नहीं होने से करीब 2 से 3 दिन बाद जब शवों की बदबू आने लगी तब आसपास के लोगों ने जाकर कुएं में देखा। बताया जा रहा है कि मृत मादा तेंदुआ करीब 3 वर्ष से अधिक उम्र का था जबकि बंदर भी मादा 3 वर्ष का बताया जा रहा है। घटना से इस बात से इनकार नही किया जा सकता कि वन परिक्षेत्र मुलताई में तेंदुआ सहित वन्य प्राणियों की मौजूद है। इसके पहले भी नीलगाय, जंगली सुअर तथा हिरन आदि वन्य प्राणियों की मौत हो चुकी है। लेकिन वन विभाग के अधिकारियों द्वारा वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए कोई उपाय नही किए जा रहे है। जिसके कारण इस तरह की घटनाएं होती है। वहीं मानव जीवन भी असुरक्षित रहता है। इस पूरे प्रकरण में ग्रामीणों द्वारा वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाए गए है और तेंदुए के शिकार की बात कही जा रही है।

## गश्त के दौरान पकड़ाए 2 स्थाई वारंटी



**मुलताई, देशबन्धु।** थाना पुलिस मुलताई द्वारा शनिवार की रात कांबिंग गश्त के दौरान 2 स्थाई वारंटी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस टीम द्वारा काम्बिंग गश्त की जा रही थी इस दौरान पुलिस द्वारा मारपीट के आरोपी गोलू उर्फ गोला सिंह राजपूत निवासी वलनी को पुलिस टीम में शामिल उपनिरीक्षक संदीप परतेती,एएसआई श्रीराम मांडवी,आरक्षक विवेक द्वारा आरोपी के घर वलनी से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ न्यायालय में धारा 323,294,506 भादवि के तहत प्रकरण विचाराधीन है।आरोपी गोलू बीते 4 साल से पेशी पर नही जा रहा था। जिससे उसके खिलाफ न्यायालय से स्थाई वारंट जारी किया है। वहीं थाना क्षेत्र के ग्राम बुआलखापा निवासी चेक बाउंस में बीते 2009 से फरार चल रहा था। जिसे दुनावा चौकी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

## कच्ची शराब बेच रही महिला गिरफ्तार

**मुलताई, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के ग्राम में अवैध रूप से कच्ची शराब बेच रही महिला को पुलिस द्वारा गिरफतार कर उसके पास से 60 लीटर कच्ची शराब जप्त की है। टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम के एक महिला द्वारा अपने घर के पास से कच्ची शराब बेची जा रही है। सूचना मिलने पर महिला उपनिरीक्षक आम्रपाली दहाट, प्रधान आरक्षक पुष्पा धुर्वे,सोनू,एवं सेवाराम मौके पर पहुचे और आरोपी महिला के घर के पीछे बाड़े से 4 केन में रखी 60 लीटर कच्ची शराब केन सहित जप्त कर धारा 34(2)आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से महिला को जेल भेज दिया गया है।



# पोस्टर्स, पेटिंग, मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कर मनाया मतदाता दिवस



**बैतूल,देशबन्धु।** बैतूल करेगा शत–प्रतिशत मतदान की भावना से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस के निर्देशानुसार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओपीएस भदौरिया ने बताया कि बेटियों के माध्यम से मतदान के महत्व और मतदाता के अधिकारों को विभिन्न माध्यमों से जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया है। अधिक से अधिक मतदान कर मतदान में बैतूल को नंबर वन बनाने के लिए एकीकृत शाला शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल गंज की छात्राओं के मध्य विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं ने रंगोली, पेटिंग, स्लोगन, मेंहदी आदि प्रतियोगिता में भाग लिया और एक से एक बढक़र अपनी कलम, कूची और रंगों से उसे सृजित किया। रंगोली में छात्राओं ने राष्ट्रीय ध्वज, भारत का नक्शा एवं अन्य प्रकार की चित्रकारी से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कक्षा 12वीं की अंकिता टांडिलकर ने मतदान के महत्व को सुंदर स्लोगन में इस प्रकार अंकित किया कि वोट है हमारा अनमोल कभी न लेंगे इसका मोल। वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है। वोट डालने जब भी जाएं, पहचान पत्र साथ में लाएं जैसे आकर्षक स्लोगन से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम किया। जीआर देशमुख निर्वाचन स्वीप ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर स्कूल के प्राध्यापक, अध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

# कांग्रेस ने 5 में से 4 विधानसभा सीट पर घोषित किए उम्मीदवार

**बैतूल से फिर निलय डागा को ही मिला टिकिट**

**बैतूल, देशबन्धु।** शारदेय नवरात्र पर शुरू होते ही कांग्रेस ने जिले की पांच विधान सभाओं में से अपने चार उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। बैतूल विधानसभा से कांग्रेस ने एक बार फिर मौजूदा विधायक निलय विनोद डागा के नाम पर मुहर लगा दी है।पूरी तैयारी के साथ निलय डागा चुनावी रन में उतर चुके हैं। शनिवार रात जारी सूची में बैतूल विधायक निलय डागा के अलावा कांग्रेस ने मुलताई विधान सभा से सुखदेव पांसे, भैसदेही से धरमु सिंह सिरसाम और घोड़ाडोंगरी से नए चेहरे राहुल उइके को कांग्रेस ने चुनावी मैदान में उतारा है। इधर आमला सारणी विधान सभा मे कांग्रेस उम्मीदवार जहां होल्ड पर हैं तो वहीं बैतूल विधान सभा में भाजपा की उम्मीदवारी भी होल्ड पर है। लगभग प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस दोनो ही दलों ने बैतूल जिले की तीन विधान सभाओं में चुनावी तस्वीर साफ कर दी है। अब बची बैतूल और आमला सारणी में भी जल्द निर्णय ले लिया जाएगा कि मुकाबला आखिर किन योद्धाओं के बीच होना है।

**घोड़ाडोंगरी, भैसदेही, मुलताई में शुरू हुआ चुनावी घमासान:** तीन विधान सभाओं में दोनों पार्टियों के उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगने केबाद इन विधान सभाओं में चुनावी घमासान शुरू हो चुका है। घोड़ाडोंगरी, भैसदेही और मुलताई में अब सीधा मुकाबला होगा मुलताई में सुखदेव और चंद्रशेखर देशमुख के बीच रस्साकशी चलती नजर आएगी तो वहीं घोड़ाडोंगरी में पूर्व विधायक स्व. सज्जन सिंह उइके की पत्नी गंगा उइके और कांग्रेस के युवा चेहरे राहुल उइके के बीच सीधा मुकाबला होगा। भैंसदेही में एक बार फिर कांग्रेस के धरमु सिंह का मुकाबला भाजपा के महेंद्र सिंह चौहान से होने जा रहा है।

**आमला से कांग्रेस में 3 नामों पर चल रहा मंथन:** जिले की चार विधान सभाओं में उम्मीदवारी लगभग तय हो चुकी है, अब सबकी नजरें आमला विधान सभा के कांग्रेस उम्मीदवार पर टिकी हुई हैं कि आखिर कांग्रेस किस पर भरोसा करती है। वैसे अपुष्ट सूत्रों की माने तो स्क्रीनिंग कमेटी दिल्ली में तीन नामों पर विचार किया जा रहा है। इसमें डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे, जिला पंचायत सदस्य हितेश निरापुरे और 2018 मे विधान सभा चुनाव लड़ चुके मनोज मालवे के नाम पर मन्थन किया जा रहा है। निशा की दावेदारी तो तगड़ी है लेकिन इस्तीफे के पेंच फंसने के चलते मामला अटका हुआ है। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष मोनिका निरापुरे ने भी इस विधानसभा से अपनी दावेदारी कर रखी है, लेकिन अंतिम फैसला सिर्फ एक ही नाम पर किया जाना है जिसका आमला सारणी विधानसभा की जनता बेसब्री से इंतजार कर रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



**मुलताई, देशबन्धु।** मुलताई खेड़ली बाजार रोड पर रविवार की दोपहर ग्राम बोरगांव के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने वाहन तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। बताया जाता है कि अज्ञात वाहन ने बाइक को इतनी जोरदार टक्कर मार दी कि बाइक सवार युवक के सिर में गंभीर चोट आने से सिर फट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। 108 एम्बुलेंस के ईएमटी महेश झलिये ने बताया कि सोनेगांव निवासी रूपनारायण डोंगरे ( 40 साल ) रविवार को किसी काम से मुलताई आया था और मुलताई से वापस घर जा रहा था। इस दौरान बोरगांव के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे रूप नारायण की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके से अज्ञात वाहन चालक फरार हो गया। कुछ लोगों का कहना है कि जिस वाहन ने टक्कर मारी है वह पिकअप है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही 108 मौके पर पहुंच गई थी लेकिन घायल की जब तक मौत हो गई थी।जिसके चलते दुर्घटना की सूचना बोरदेही पुलिस को दी गई है।

### आश्रम में हुआ सामूहिक श्राद्ध

**बैतूल, देशबन्धु।** सनातन हिंदू धर्म के शास्त्र अनुसार पितरों की तृप्ति व प्रसन्नता के लिए अधिक से अधिक लोगों को सर्वपितृ अमावस्या पर शास्त्रीय विधि से श्राद्ध तर्पण का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से श्री योग वेदांत सेवा समिति बैतूल द्वारा आश्रम रानीपुर रोड चिखलार में ब्रह्मचारी ब्राह्मण के मार्गदर्शन में सामूहिक श्राद्ध तर्पण का आयोजन किया गया। समिति संरक्षक राजेश मदान ने बताया कि आश्रम में पूर्ण विधि विधान से सामूहिक श्राद्ध और भंडारा किया गया। जिसमें जिले भर से सैकड़ों साधक भाई बहन शामिल हुए। श्राद्धकर्ता प्रात: ही आश्रम पहुंचना शुरू हो गए जिन्हे सभी प्रकार की पूजन सामग्री वहीं प्रदाय की गई थी। श्राद्ध तर्पण के बाद समिति द्वारा आश्रम में सभी श्राद्धकर्ताओं के भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। अब हर वर्ष आश्रम में व्यापक रूप में आयोजन किया जाएगा।

*रात्रि गश्त के दौरान पुलिस को मुखबीर से मिली थी सूचना*

# देसी कट्टे के साथ पाथाखेड़ा से युवक गिरफ्तार

**सारनी,देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए स्थानिय पुलिस प्रशासन के माध्यम से रात्रि गश्ती एवं चेकिंग का कार्य तेज कर दिया गया है। इसकी वजह से क्षेत्र में अपराध की संख्या कम हो गई है। बीती रात को कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा पुलिस के माध्यम से पाथाखेड़ा बस स्टैंड पर एक युवक को देसी कट्टा और जिंदा एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक के खिलाफ पाथाखेड़ा पुलिस के माध्यम से 25 27 आर्म्स एक्ट लगाकर उसे न्यायालय में भेज दिया है। सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौहान,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी के निर्देश एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रोशन कुमार जैन के आदेश,थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में प्रतिदिन के अनुसार 14 अक्टूबर को भी पाथाखेड़ा पुलिस के माध्यम से गस्त की जा रही थी। इसी बीच मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि पाथाखेड़ा बस स्टॉप पर एक युवक देसी कट्टे के साथ उपस्थित है। जानकारी मिलते ही उप निरीक्षक दिलीप यादव, सहायक उप निरीक्षक रामभगत कुमारे, आरक्षक मिथिलेश मौके पर पहुंचे और उन्होंने मौके से एक युवक को पकड़ा। युवक का नाम विकास उर्फ बुद्व साहू उम्र 24 वर्ष निवासी आजाद नगर पाथाखेड़ा का होना बताया गया। जब युवक की तलाशी ली गई तो युवक के पास से एक देसी कट्टा 315 बर एवं एक जिंदा कारतूस उसके पास से मिला युवक के माध्यम से जब इस देसी कट्टे के संबंध में पूछताछ की गई और लाइसेंस मांगा गया तो युवक ने इसे अवैध बताया।युवक को पाथाखेड़ा पुलिस के माध्यम से अपने गिरफ में लेकर युवक के खिलाफ कार्रवाई करने का कार्य किया है। कार्रवाई करने के बाद युवा को जिला न्यायालय भेजा गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। युवक के खिलाफ कार्रवाई करने में निरीक्षक अरविंद कुमरे, चौकी प्रभारी दिलीप यादव,सहायक उप निरीक्षक रामबगस कुमरे,आरक्षक मिथिलेश का सराहनीय योगदान रहा है।



कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा की झुग्गी बस्ती में रहने वाले युवक के पास आखिर देसी कट्टा कहां से आया या जांच का विषय बना हुआ है। पाथाखेड़ा पुलिस के माध्यम से यह जांच करने का कार्य किया जा रहा है कि आखिर युवक के पास देसी कट्टा कहां से आया और कौन लोग हैं जो शहर में देसी कट्टा लाकर ऑन पौने दामों में बेचने का काम कर रहे हैं। संभावना व्यक्त की जारी है कि युवक से पूछताछ में कई तरह के खुलासे हुए हैं लेकिन स्थानीय पुलिस ने अभी इसका खुलासा नहीं किया है।

## सार समाचार

### विशेष संयोग में पधारी मातारानी, शहर में जगह जगह बने पंडाल



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** रविवार को शुरू हुए शारदीय नवरात्र को लेकर लोगों में खासा उत्साह और भक्ति भाव देखने को मिला। नवरात्र में मां भगवती की विशेष आराधना होने लगी है। शहर में लगभग 100 से अधिक स्थानों पर पंडाल बनाए गए हैं। यहां मां की प्रतिमा विराजमान होंगी। वहीं देवीधाम सलकनपुर में दर्शन के लिए लोग पैदल जा रहे हैं। सड़कों पर भक्तों की भीड़ दिखने लगी है। कुछ लोग पैदल जा रहे हैं तो कुछ ट्रैक्टर-ट्रॉली से परिवार सहित जा रहे हैं। रास्ते में जगह-जगह पंडाल लगाकर लोग सेवा करंगे। वहीं पितृपक्ष खत्म होने पर अब बाजार में रविवार से खरीदी भी शुरू हो गई है। पंडाल के अलावा गांव में भी देवी प्रतिमाएं जा रही हैं। शहर के खेड़ापति माता मंदिर मालाखेड़ी, कोठीबाजार स्थित मां आदिशक्ति मंदिर, मां काली मंदिर सतरास्ता, मां खेड़ापति मंदिर सदर बाजार, हर्णे गली, काली मंदिर ग्वालटोली, नारायण नगर स्थित देवी मंदिर, हिंगलाज मंदिर सज गए हैं। मंदिरों में अखंड ज्योत जलेगी। ज्वारे भी रखे जाएंगे। मंदिर में मां भगवती की विशेष आराधना होगी। पंडित श्याम सुन्दर दुबे ने बताया कि मां भगवती की पहले दिन शैलपुत्री स्वरूप की आराधना हुई। 9 दिनों तक मां की ज्योत जलाकर ज्वारे रखना चाहिए। इस बार विशेष संयोग में मां आई हैं।

नेताओं में संशय बरकरार

# जिले में भाजपा की तरह कांग्रेस ने भी रोके प्रत्याशियों के नाम

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू हो चुकी है। आचार संहिता लगने से सियासी माहौल का पारा दिनों दिन गर्म होता जा रहा है। भाजपा ने जहां जिले की चार विधानसभा सीटों में से एक पर अपना प्रत्याशी घोषित कर अन्य तीन क्षेत्रों में संशय बढ़ा दिया है, तो कांग्रेस ने अभी तक अपनी चाल नहीं चली है। कांग्रेस ने नवरात्री के पहले दिन ही अपने कुछ सियासी पत्ते खोले हैं। लेकिन अपनी पहली सूची में जिले की चारों विधानसभाओं में से किसी में भी अपना कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। जिसको लेकर नेताओं में संशय बना हुआ है। वहीं सियासी माहौल की गर्म जनचर्चा इन दिनों जिले की नर्मदापुरम (होशंगाबाद) विधानसभा को लेकर है। इस विधानसभा की गर्माहट सिर्फ जिले तक सीमित नहीं है, इसकी गर्मी प्रदेश और देश की राजधानियों तक पहुंच रही है। राजधानी भोपाल में प्रदेश भाजपा कार्यालय में बीते दिनों नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र की गुटबाजी खुलकर सामने आई। वर्तमान विधायक डॉ सीताशरन शर्मा और उनके परिवार के विरोध में बड़ी संख्या में भाजपाई प्रदेश कार्यालय पहुंचे थे। प्रदेश कार्यालय में जहां विरोधी खेमा के भाजपाई परिवर्तन होशंगाबाद विधानसभा-



137 स्लोगन लिखी तख्तियां हाथ में लेकर बैठे रहे। तो वहीं दूसरी ओर विधायक डॉ सीताशरन शर्मा के समर्थन में भी बड़ी संख्या में समर्थक भाजपा कार्यालय पहुंचे। भाजपा प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र यादव के समक्ष बैठक कर एक सुर में सभी ने होशंगाबाद विधानसभा 137 से डॉ सीतासरन शर्मा को भाजपा प्रत्याशी बनाने की बात रखी थी।

### भाजपा ने की 4 सीटों में से 1 घोषित

जिले की सोहागपुर विधानसभा सीट से विधायक विजयपाल सिंह राजपूत का भाजपा ने फिर एक बार टिकट तय किया है। ज्ञात हो कि सोहागपुर विधानसभा में भाजपा 2008 से लगातार बढ़त बनाए हुए है। वहीं अभी भाजपा ने होशंगाबाद-इटारसी, सिवनी मालवा और पिपरिया सीट के टिकट को रोक कर रखा है। तीनों सीटों के प्रत्याशी के टिकट को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने नवरात्र के पहले दिन पहली सूची में 144 सीटों पर अपने उम्मीदार घोषित किए हैं। जिनमें नर्मदापुरम जिले की होशंगाबाद-इटारसी, पिपरिया, सिवनी-मालवा और सोहागपुर की सीटों को होल्ड रखा गया है। ज्ञात हो कि इन चारों सीटों से कांग्रेस को पिछले विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।

### सामने आ रही गुटबाजी

एक ओर चुनाव को लेकर जहां भाजपा और कांग्रेस में अपनी अपनी उम्मीदवारी तय चुके नेताओं में टिकिट को लेकर संशय बना हुआ है, तो वहीं आपसी खींचतान में दोनों ही पार्टियों के अंदर गुटबाजी भी साफ देखी जाने लगी है। संगठन और अनुशासन को सर्वोपरि मानने वाली भाजपा के प्रदेश कार्यालय में ही जहां एक विधायक को लेकर विरोधी और समर्थक पहुंचे तो वहीं कांग्रेस कई कार्यकर्ता अपने आप को उम्मीदवार के तौर पर देख रहे हैं। कांग्रेस ने अभी तक अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं लेकिन जनचर्च है कि जिले की चारों विधानसभाओं में कई कार्यकर्ता दबी जुबान से ही सही पर अपना अपना प्रचार करने में लग गए हैं।

# ई कॉमर्स को मात देने सोशल कॉमर्स व्यापार करने का नया मजबूत विकल्प बनेगा

**इटारसी, देशबन्धु।** भारत में सोशल कॉमर्स तेजी से एक नए लेकिन मजबूत बिजनेस वर्टिकल के रूप में उभर रहा है जिसका आधार ई-कॉमर्स से भी बड़ा है और ऐसा माना जाता है कि वर्ष 2026 तक सोशल कॉमर्स ई-कॉमर्स को काफी पीछे छोड़ देगा।

यह बताते हुए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की व्यापक पहुंच एवं मजबूत आधार के जरिए देश भर में सोशल कॉमर्स धीरे धीरे तेजी से ई कॉमर्स का एक बड़ा विकल्प बनता जा रहा जिसमें खास तौर पर व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम के जरिए बड़े पैमाने पर सोशल कॉमर्स व्यापारियों में फैलता जा रहा है । भारत में सोशल कॉमर्स का वर्तमान बाजार आकार लगभग 8 बिलियन डॉलर का अनुमान है, जो 2030 में लगभग 85 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। जिस तरह से देश भर में व्यापारियों एवं ग्राहकों के बीच सोशल कॉमर्स का चलन तेज़ी से बड़ रहा है उसको देखते हुए यह आंकड़े बहुत जल्दी पार होने की बड़ी संभावनाएं हैं। वर्तमान में भारत में व्हाट्सएप पर 75 करोड़, फेसबुक पर 37 करोड़ और इंस्टाग्राम पर 33 करोड़ उपयोगकर्ता हैं जो ई कॉमर्स की तुलना में बहुत बड़ी संख्या है। भारत में लगभग 100 करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन उपयोगकर्ता हैं और स्मार्ट फोन के माध्यम से सोशल कॉमर्स का उपयोग, प्रमुख विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की गड़बड़ियों को हराने के की ताकत रखता है और इस दृष्टि से वर्ष 2026 तक सोशल कॉमर्स ई कॉमर्स से कहीं ज्यादा बड़ा डिजिटल कॉमर्स बनकर उभरेगा।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि कैट ने एक तरफ सरकार से ई कॉमर्स नीति और नियमों को तुरंत लागू करने की पुरजोर मांग की है, वहीं दूसरी तरफ उसने सोशल कॉमर्स को सबसे बड़ा डिजिटल व्यापार का ज़रिया बनाने का फैसला किया है। यह व्यापार परिदृश्य और विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों के कदाचार को हराने के लिए एक प्रभावी उपकरण साबित होगा। श्री भरतिया और श्री खंडेलवाल दोनों ने कहा कि कैट अपने इस मिशन के अनुसरण में,व्यापारियों द्वारा उपभोक्ताओं को सीधे अपने उत्पाद बेचने के लिए व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम के अधिकतम उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक टेक्नोलॉजी भागीदार के रूप में मेटा के साथ देश भर में एक बड़ा राष्ट्रीय अभियान चलाये हुए है ।इस अभियान के पहले चरण में पिछले 9 महीनों के दौरान 10 लाख से अधिक व्यापारियों को व्हाट्सएप बिजनेस ऐप का उपयोग करने के लिए सक्षम बनाया गया है और अब अगले चरण में भारत के 29 राज्यों में 1 करोड़ से अधिक व्यापारियों को सोशल कॉमर्स से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। कैट और मेटा की यह साझेदारी व्यापारियों और व्यवसायों को अधिक व्यापक रूप से ग्राहक संख्यान का आधार बनाने, अपने व्यवसाय को बढ़ाने और भारत की बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में और भी योगदान देने में मदद करेगी। मेटा के अलावा, कैट भारत के व्यापारिक समुदाय को व्यापक सोशल कॉमर्स प्रदान करने के लिए अन्य टेक्नोलॉजी कंपनियों को भी साथ में जोड़ेगा। देश के हर बाजार में सोशल कॉमर्स की गूंज पहुंचाने के लिए कैट पूरे देश में 45 हजार से अधिक व्यापार एसोसिएशन्स के ज़रिए इसको देश के कोने कोने में पहुंचाएगा। यह जानकारी कैट मध्यप्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय राठी ने दी।

# मतदाता जागरूकता अंतर्गत निकाली गई बाइक रैली



नर्मदापुरम, देशबन्धु। आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में विभिन्न मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता गतिविधि अंतर्गत परिवेग्न विभाग द्वारा बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की और मतदाता जागरूकता संबंधी नारे लगाए गए। आरटीओ अधिकारी निशा चौहान तथा यातायात टीआई उषा मरावी के द्वारा रैली का नेतृत्व करते हुए रैली को मतदान के लिए विभिन्न स्लोगन जैसे - नर्मदापुरम ने भरी हुंकार, शतप्रतिशत मतदान अब की बार। जैसे स्लोगन को एनाउंस करते हुए आरटीओ कार्यालय से मीनाक्षी चौक, सतरस्ता, इंदिरा चौक, सदर बाजार, मालाखेड़ी रोड होते हुए पुन: आरटीओ कार्यालय लाकर समाप्त किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में मोटर साइकिल चालकों ने बड़ चढ़कर रैली में हिस्सा लिए। आरटीओ अधिकारी निशा चौहान ने बताया की मतदान करना प्रत्येक भारतवासी का अधिकार है, तथा निर्वाचन में 100 प्रतिशत मतदान करके देश के विकास और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में योगदान देना भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इसीलिए 17 नवंबर को मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा निर्वाचन में प्रत्येक मध्यप्रदेश वासी अपने - अपने घरों से निकलकर मतदान अवश्य करें।

# नौ दिवसीय कन्या भोज का आयोजन



**पचमढ़ी, देशबन्धु।** प्राचीन अंबे माई मंदिर पचमढ़ी में शारदीय नवरात्रि पावन पर्व के उपलक्ष में नगर में पहली बार नौ दिवसीय कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आज आदिवासी कन्या छात्रावास की समस्त एवं नगर की अन्य कन्याओं को स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग करवाया गया सर्वप्रथम समस्त कन्याओं के पैर धुलाकर माहुर लगाया गया फिर भोजन के पश्चात तिलक कर के दक्षिणा भेंट की गई यह कन्या भोज समस्त नगर वासियों के सहयोग से किया जा रहा है जिसमें आज की प्रसादी शैलेंद्र जैन जैन आयुर्वेदिक की तरफ से थी इस आयोजन की रूपरेखा प्राचीन अंबे माई मंदिर के पुजारी रमेश त्रिपाठी जी द्वारा बनाई गई एवं संजय कोरी संदीप गुप्ता प्रखर अग्रवाल पवन साहू सुनील जाट विनोद बाज़ीगर छोटू पाल सत्येंद्र डब्बू आदि का विशेष सहयोग रहा सभी को नवरात्रि पर्व की हार्दिक-हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

### श्री गणेश, श्रीराम, माता सीता का पूजन कर श्रीराम लीला का मंचन शुरू

**इटारसी।** श्री रामलीला एवं दशहरा महोत्सव के अंतर्गत आज से गांधी मैदान में श्रीराम लीला का मंचन प्रारंभ हुआ। शहर में गांधी स्टेडियम और वीर सावरकर मैदान पर श्रीराम लीला का मंचन होगा। आज पहले दिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा एवं कार्यालय अधीक्षक संजय सोहनी, अजय यादव, कमलकांत, जगदीश पटेल सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारियों ने श्री गणेश, श्रीराम और माता सीता का पूजन कर रामलीला का मंचन प्रारंभ कराया। गांधी स्टेडियम में वृंदावन के श्री बालकृष्ण लीला संस्थान द्वारा एवं पुरानी इटारसी में श्री जगदंबा मंडल मैहर सतना का मंडल मंचन करेगा। पहले दिन नारद मोह, राजा मनु और सतरूपा की तपस्या का मंचन किया। पहले दिन ही रामलीला देखने भक्त मैदान पर खासी संख्या में पहुंच गये हैं।

### ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजन आज

**नर्मदापुरम।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजेशन आज प्रातः 11 बजे से जिला कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में किया जाएगा। ईव्हीएम मशीनों के रेण्डमाईजेशन उपरांत विधानसभा क्षेत्रवार मतदान के लिए आवंटित ईव्हीएम मशीनों को जिले के तवा भवन परिसर स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस को खोला जाकर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की अभिरक्षा में विधानसभा स्तरीय ईव्हीएम स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

### नौ दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ हुआ

**पचमढ़ी, देशबन्धु।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के शुभ अवसर पर माँ गायत्री प्रज्ञा पीठ पचमढ़ी में दिनांक 15-10-2023 से 23-10-23 तक नौ दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ हो गया है।जिसके अंतर्गत प्रात: 9.30 बजे से माँ गायत्री हवन शाम 7.00 बजे से महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण होगा आज नवरात्रि के प्रथम दिवस पर प्रात: गायत्री हवन में मुख्य यजमान 1-प्रज्ञा धर्मेंद्र श्रीवास्तव, 2-अक्ष सोनू उपाध्याय3-महक सत्येंद्र गुप्ता एवं शाम महा आरती में मुख्य यजमान किरण साहू रही समस्त कार्यक्रम गायत्री प्रज्ञा पीठ की संरक्षक श्रीमती राजरानी गुप्ता जी के संरक्षण एवं अध्यक्ष संदीप गुप्ता के निर्देशन में होंगे प्रतिदिन हवन ओमप्रकाश साहू जी द्वारा कराया जाएगा कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रमुख रूप से लक्ष्मी जाटव माया बैरागी अन्सूईया यादव जय श्री बोरसे हेमलता चिलहाटे बबीता ननकानी मालती यादव किरण साहू भगवती गोहिया उर्मिला पाल एवं अंकित शुक्ला का योगदान रहा।



### आबकारी उड़नदस्ता द्वारा इटारसी क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही



**इटारसी, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन पूर्व अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, संग्रहण और विक्रय को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन विशेष आबकारी उड़नदस्ते गठित किये गए। अवैध मदिरा के बिक्री, निर्माण, परिवहन एवं संधारण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी उड़नदस्ता टीम इटारसी ने सूरज गंज, बालाजी मंदिर एवम ग्राम जमानी क्षेत्र में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही में 1,500 किलो ग्राम लाहन और 42 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 7 प्रकरण कायम किए। जप्त सामग्री की अनुमति कीमत 158400 रुपए है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एनपी सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक राजेश साहू, केके पडरिया, रघुवीर सिंह राठौर, आबकारी मुख्य आरक्षक रघुवीर निमोदा, आरक्षक मदन रघुवंशी, राजेश गौर, दुर्गेश पठारिया, भावना यादव, प्रगति, नगर सैनिक रामावतार यादव, मोहन यादव तथा सभी स्टॉफ सदस्यों का योगदान रहा।

### धूमधाम से निकली अग्रसेन की शोभायात्रा, समाज ने किया स्वागत



**इटारसी, देशबन्धु।** अग्र कुल प्रवर्तक महाराज अग्रसेन जयंती अग्रवाल समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई। अग्रवाल भवन से निकली शोभायात्रा 11वी लाइन सराफा बाजार जयस्तंभ चौक से होते हुए वापस अग्रवाल भवन में समाप्त हुई शोभायात्रा का सामाजिक बंधुओ ने स्वागत किया साथ ही प्रसाद भी बांटा गया।अग्रवाल समाज के पुरुष एवम महिलाए पारंपरिक मारवाड़ी वस्त्रों निकले। यात्रा के आगे 18 घोड़ों के उपर अग्र कुल के 18 गोत्रों के रूप में बच्चे आगे आगे चल रहे थे। यात्रा का भव्य स्वागत जयस्तंभ चौक पर सामाजिक बंधुओ द्वारा किया गया, इस बार शोभायात्रा आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण सादगी से निकाली गई।

# 14 वर्षीय बालक वर्ग विकासखंड स्तरीय क्रिकेट चयन प्रतियोगिता हुई



**इटारसी, देशबन्धु।** शालेय बालक 14 वर्षीय विकास खंड क्रिकेट चयन प्रतियोगिता का आयोजन जीनियस प्लानेट स्कूल में हुआ। प्रतियोगिता में नर्मदापुरम विकासखंड के अंतर्गत आने वाले स्कूलों के लगभग 70 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए।

इस अवसर पर संयोजक जीनियस प्लानेट स्कूल के डायरेक्टर जाफर सिद्दीकी ने उपस्थित होकर सभी विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी। विकासखंड स्तरीय बालक प्रतियोगिता के चयनकर्ता अर्पण दुबे, संजय यदुवंशी, अरविन्द ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों का बारीकी से खेल परीक्षण किया। चयनकर्ताओं ने बताया कि नर्मदापुरम विकासखंड की टीम बनाई जाएगी जिसके बाद 17 अक्टूबर को पुन: इटारसी के जीनियस प्लानेट स्कूल में ही जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेगी। खिलाड़ियों के चयन में गोल्डी यादव, खेल शिक्षक सोनू रैकवार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

रोहिणी एवं अनमोल ने प्रथम, निधि निकिता रही द्वितीय

# मानस चैंपियंस लीग 2023 पुरस्कार वितरण समारोह

**इटारसी, देशबन्धु।** जिला स्तरीय मानस चैम्पियंस लीग 2023 का पुरस्कार वितरण रविवार को श्री प्रेमशंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में संपन्न हुआ। समारोह में इटारसी के 78 छात्राओं को पुरस्कृत किया जिन्होंने प्रतियोगिता में 90 या उससे अभी अंक अर्जित किए थे। इस वर्ष बच्चो की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए मानस चैंपियन लीग का पुरस्कार वितरण दो पारियों में नर्मदापुरम के साथ इटारसी में भी कराया। इटारसी व आसपास के ग्रामीण स्कूलों के बच्चों का पुरस्कार वितरण समारोह इटारसी में ही पत्रकार भवन में किया। इस वर्ष इटारसी से प्रथम पुरस्कार 10000 रुपए, पुस्तक के अंकों व साक्षात्कार के योग के वरीयता अनुसार इटारसी के गुरु नानक स्कूल इटारसी कक्षा 10 वी के छात्र अनमोल जुनेजा तथा रोहिणी सिंह ने प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार 5000 रुपए कुसुम मालपानी स्कूल कक्षा 12 वी की निधि यादव व निकिता मेहरा ने प्राप्त किए।

तृतीय पुरस्कार 3000 रुपए के विजेता खुशी सोलंकी शासकीय हाई सैकंड्री स्कूल ग्राम कांदई, निकिता पटेल एमजीएम कॉलेज, मेघा मीना गवर्नमेंट हाई स्कूल रामपुर, आरशी कुरैशी कुसुम मालपानी स्कूल, हर्ष कुमार गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज व हैजल कदम नालंदा स्कूल ने जीते तथा इन्हें एक 1000 रुपए की नगद राशि, प्रमाण पत्र, ट्राफी एवं रामचरित मानस प्रदान की। शेष छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। स्वागत भाषण में वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे ने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन नई पीढ़ी के बच्चे, छात्र-छात्राओं को सनातन धर्म एवं संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर ज्ञानेंद्र पांडे, मधुसूदन शास्त्री, सेवानिवृत शिक्षक आरके दुबे, नर्मदापुरम पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष रोहित नागे, कार्यक्रम की व्यवस्था संभाल रहे भूपेंद्र चौहान रहे। मुख्य अतिथि प्रो. ज्ञानेंद्र पांडे ने विश्व के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, यूनिवर्सिटी, कॉलेज एवं स्कूलों में रामचरितमानस किस प्रकार उपयोगी एवं पठन-पाठन में शामिल किया है विषय पर कई बातें कहीं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं पालकों एवं शिक्षकों से आग्रह किया कि वह अपने बच्चों को दिन में एक बार समय निकालकर रामचरितमानस पढ़ने के लिए प्रेरित करें। वरिष्ठ पत्रकार रोहित नागे ने साक्षात्कार दिवस के अनुभव साझा करते हुए सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई शुभकामनाएं दी। विप्र विद्वान पं. मधुसूदन शास्त्री ने रामचरितमानस की उपयोगिता उसमें निहित गुण, अच्छाइयां एवं जीवन में रामचरित्र अपनाने की विशेषताओं से छात्र-छात्राओं एवं पालकों को अवगत कराया। संचालन पत्रकार भूपेंद्र विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में एमजीएम कॉलेज की प्राचार्य डॉ राकेश मेहता, गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य आरएस मेहरा, सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य एनपी चौधरी, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य आरएस लौवंशी, उत्कृष्ट स्कूल केसला प्राचार्य सुनील सक्सेना, शिक्षक संतोष भारद्वाज, पत्रकार रोहित नागे, अरविंद शर्मा, राहुल शरण, इंद्रपाल सिंह, कृष्णा राजपूत, खेमराज परिहार, राजेश दुबे, ऋषभ दुबे, घनश्याम तिवारी सहित अन्य का भी सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि मानस चैंपियंस लीग का यह 8 वॉ वर्ष व 7 वॉ संस्करण है। इस वर्ष जिले के सभी स्कूलों में लगभग 5000 प्रश्न पत्रों का वितरण किया था। जिले के सभी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर इस प्रतियोगिता में भाग लिया। श्री रामचरित मानस से संबधित 38 प्रश्नों को मानस चैंपियंस लीग में समाहित किया जिन्हें की 100 अंकों में विभाजित किया। मानस चैंपियंस लीग का आयोजन ऋषिकुल संस्कृत विद्यालय द्वारा किया जाता है। मानस चैंपियन लीग में इटारसी के वर्धमान स्कूल, शासकीय कन्या विद्यालय, गुरु नानक स्कूल, कुसुम मालपानी, प्रज्ञान हाई सेकेंडरी स्कूल, उत्कृष्ट हाई स्कूल केसला आदि ने सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई है।



# मध्यप्रदेश : कांग्रेस के 144 प्रत्याशियों की पहली सूची

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी गई। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को छिंदवाड़ा से प्रत्याशी बनाया गया है। पार्टी की इस पहली सूची में 144 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। अधिकतर मौजूदा विधायकों की सीटों को यथावत रखा गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविंद सिंह को लहार से, पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को राऊ, लाखन सिंह यादव को भितरवार, जयवर्धन सिंह को राघौगढ़ और कमलेश्वर पटेल को सिंहावल से प्रत्याशी बनाया गया है। बुधनी विधानसभा सीट से पार्टी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने पिछले दिनों कांग्रेस में शामिल हुए टीवी अभिनेता विक्रम मस्ताल को चुनावी मैदान में उतारा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल चुरहट, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह अमरपाटन और डॉ.हिना कांवरे लांजी से प्रत्याशी बनाई गई हैं। पूर्व मंत्री बाला बच्चन राजपुर (अजा) से, लखन घनघोरिया जबलपुर पूर्व (अजजा), तरुण भनोत जबलपुर पश्चिम, ओंकार सिंह मरकाम डिंडोरी (अजा), सुखदेव पांसे मुलताई, प्रियव्रत सिंह खिलचीपुर, हुकुम सिंह कराड़ा शाजापुर, सज्जन सिंह वर्मा सोनकच्छ (अजा), डॉ. विजय लक्ष्मी सिंह साधौ महेश्वर (अजा), सचिन यादव कसारवद, उमंग सिंघार गंधवानी (अजजा) और सुरेंद्र सिंह बघेल कुक्षी (अजजा) से चुनावी मैदान में उतरेंगे। पार्टी ने भोपाल मध्य से मौजूदा विधायक आरिफ मसूद और नरेला से मनोज शुक्ला को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इंदौर-एक से संजय शुक्ला, इंदौर-दो से चिंतामणि चौकसे चिंटू और इंदौर-चार से राजा मंधवानी चुनाव लड़ेंगे। चंदेरी से गोपाल सिंह चौहान, मुंगावली से राव यादवेंद्र यादव, सुरखी से नीरज शर्मा, देवरी से हर्ष यादव, नरयवायली (अजा) से सुरेंद्र चौधरी, बंडा से तरवर सिंह लोधी, टीकमगढ़ से यादवेंद्र सिंह, जतारा (अजा) से किरण अहिरवार, पृथ्वीपुर से नितेंद्र सिंह राठौर और खरगापुर से चंदा सिंह गौर को उम्मीदवार घोषित किया गया है। महाराजपुर से नीरज दीक्षित, चंदला (अजा) से हरप्रसाद अनुरागी, राजनगर से विक्रम सिंह नातीराजा, छतरपुर से आलोक चतुर्वेदी, बिजावर से चरण सिंह यादव, मलहरा से साधवी राम सिया भारती, पथरिया से राव ब्रजेंद्र सिंह और जबेरा से प्रताप सिंह लोधी प्रत्याशी होंगे। हटा (अजा) से प्रदीप खटीक, पवई से मुकेश नायक, गुन्नौर (अजा) से जीवन लाल सिद्धार्थ, चित्रकूट से नीलांशु चतुर्वेदी, रैगांव (अजा) से कल्पना वर्मा, सतना से सिद्धार्थ कुशवाह, नागौद से डॉ.रश्मि सिंह पटेल, अमरपाटन से राजेंद्र कुमार सिंह, त्योंथर से रामशंकर सिंह पटेल, मऊगंज से सुखेंद्र सिंह बना, मनगवां (अजा) से बबिता साकेत, गुढ़ से कपिध्वज सिंह, चुरहट से अजय सिंह और सिहावल से कमलेश्वर पटेल उम्मीदवार घोषित हुए हैं। चितरंगी (अजजा) से मानिक सिंह, सिंगरौली से रेणु सिंह, जैतपुर (अजजा) से उमा धुर्वे, अनूपपुर (अजजा) से रमेश सिंह, पुष्पराजगढ़ (अजजा) से फुंदेलाल मार्को, बड़वारा (अजजा) से विजय राघवेंद्र सिंह, पाटन से नीलेश अवस्थी, बरगी से संजय यादव, जबलपुर पूर्व (अजा) से लखन घनघोरिया, जबलपुर उत्तर से विनय सक्सेना और जबलपुर पश्चिम से तरुण भनोत प्रत्याशी रहेंगे। सिहोरा (अजजा) से एकता ठाकुर, शाहपुरा (अजजा) भूपेंद्र मरावी, डिंडोरी (अजजा) से ओंकार सिंह मरकाम, बिछिया (अजजा) से नारायण सिंह पट्टा, बैहर (अजजा) से संजय उइके, लांजी से हिना कांवरे, परसवाड़ा से मधु भगत, बालाघाट से अनुभा मुंजारे, कटंगी से बोध सिंह भगत, बरघाट (अजजा) से अर्जुन सिंह काकोड़िया, सिवनी से आनंद पंजवानी, केवलारी से रजनीश सिंह, लखनादौन (अजजा) से योगेंद्र सिंह बाबा, गोटेगांव (अजा) से शेखर चौधरी, नरसिंहपुर से लखन सिंह पटेल, तेंदूखेड़ा से संजय शर्मा, छिंदवाड़ा से कमलनाथ, मुलताई से सुखदेव पांसे, बैतूल से निलय डागा और घोड़ाडोंगरी (अजजा) से राहुल उइके उम्मीदवार बनाए गए हैं। भैंसदेही (अजजा) से धरमू सिंह सिरसाम, टिमनरी (अजजा) से अभिजीत सिंह, हरदा से रामकिशोर डोगने, उदयपुरा से देवेंद्र पटेल गदरवास, सिलवानी से देवेंद्र पटेल, विदिशा से शशांक भार्गव, गंजबासौदा से निशंक जैन, शमशाबाद से सिंधू विक्रम सिंह, बैरसिया (अजा) से जयश्री हरिकिरण, नरेला से मनोज शुक्ला, भोपाल मध्य से आरिफ मसूद, बुधनी से विक्रम मस्ताल, आष्टा (अजा) से कमल चौहान, सीहोर से शशांक सक्सेना, राजगढ़ से बापू सिंह तंवर, खिलचीपुर से प्रियव्रत सिंह, सुसनेर से भेरू सिंह बापू और आगर (अजा) से विपिन बानखेड़े प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। शाजापुर से हुकुम सिंह कराड़ा, कालापीपल से कुनाल चौधरी, सोनकच्छ (अजा) सज्जन सिंह वर्मा, हाटपिपल्या से राजवीर सिंह बघेल, मांधाता से उत्तम पाल सिंह, पंधाना (अजजा) से रूपाली बरे, भिकनगांव (अजजा) से झूमा सोलंकी, दतिया से अवधेश नायक, मुंगावली से राव यादवेंद्र सिंह, कटंगी से पूर्व बीजेपी सांसद बोध सिंह भगत और सुरखी से नीरज शर्मा। बड़वाह से नरेंद्र पटेल और महेश्वर (अजा) से डॉ.विजय लक्ष्मी साधौ, कसरावद से सचिन यादव और खरगोन से रवि जोशी प्रत्याशी हैं। भगवानपुरा (अजजा) से केदार डावर, राजपुर (अजजा) से बाला बच्चन, बड़वानी (अजजा) से राजन मंडलोई, अलीराजपुर (अजजा) से मुकेश पटेल, जोबट (अजजा) से सेना पटेल, झाबुआ (अजजा) से डॉ.विक्रांत भूरिया, थांदला (अजजा) से वीर सिंह भूरिया, पेटलावद (अजजा) वाल सिंह मेड़ा, सरदारपुर (अजजा) प्रताप ग्रेवाल, गंधवानी (अजजा) से उमंग सिंघार, कुक्षी (अजजा) सुरेंद्र सिंह बघेल, धरमपुरी (अजजा) पांचीलाल मेड़ा, देपालपुर (अजजा) से विशाल पटेल और इंदौर एक से संजय शुक्ला प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। इसके अलावा इंदौर दो से चिंतामणि चौकसे चिंटू, इंदौर चार से राजा मंधवानी, राऊ से जीतू पटवारी, सांवेर (अजा) से रीना बौरासी, नागदा से दिलीप सिंह गुर्जर, महिदपुर दिनेश जैन बॉस, तराना (अजा) महेश परमार, घट्टिया (अजा) से रामलाल मालवीय, उज्जैन उत्तर से माया राजेश त्रिवेदी, सैलाना (अजजा) से हर्ष विजय गेहलोत, आलोट (अजा) मनोज चावला, मंदसौर से विपिन जैन, सुवासरा से राकेश पाटीदार और मनासा से नरेंद्र नाहटा को चुनावी रण में उतारने का फैसला लिया गया है।

दिमनी की सभा बोले मुख्यमंत्री- ऐसी जीत दिलाएं कि दुनिया देखती रह जाए

# हर कार्यकर्ता नरेन्द्र सिंह बनकर मैदान में उतर जाए




**मुरैना, देशबन्धु।** आज नवरात्र के पहले दिन हम चुनाव प्रचार का श्री गणेश कर रहे हैं। आप सब लोग 17 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी को ऐसा समर्थन दें कि 3 दिसंबर को मतगणना के दिन पूरे क्षेत्र में कमल ही कमल खिले। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय मंत्री, भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक व दिमनी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को दिमनी में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं जनसभा को संबोधित करते हुए कही। पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं और जनता से भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से जिताने की अपील की।

**तोमर जी को जिताएं, वो इस क्षेत्र में विकास का इतिहास बना देंगे-** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं इसे ग्वालियर-चंबल क्षेत्र का सौभाग्य मानता हूं कि नरेंद्र सिंह तोमर जैसे बड़े नेता आज इस क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

श्री चौहान ने कहा कि नरेंद्र सिंह तोमर जी के पास बड़ी जिम्मेदारी है, पूरा प्रदेश देखना है, वे हमारे चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक भी हैं। ऐसे में पूरे प्रदेश में दौरे करने हैं। मैं आप लोगों से अपील करता हूं कि आप सब नरेंद्र सिंह तोमर बनकर चुनाव प्रचार में उतर जाएं और ऐसी जीत दिलाएं कि दुनिया देखती रह जाए। श्री तोमर आपका स्वाभिमान और सम्मान हैं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि श्री तोमर जी को आप यहां से विजयश्री दिलाएं, वे ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में विकास का नया इतिहास बना देंगे।

## कांग्रेस कर रही लाड़ली बहना योजना को लेकर शिकायत

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना को लेकर कांग्रेस चुनाव आयोग से हमारी शिकायत कर रही है कि, यह आचार संहिता का उल्लंघन है, मामा चुपके से बहनों के खाते में पैसा डालेगा। लेकिन मैं चुपके से नहीं डंके की चोट पर लाड़ली बहनों के खाते में पैसा डालूंगा। एक करोड़ 32 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को 1250 रूपए प्रतिमाह देने के साथ कन्याओं की शादी के लिए भी पैसे दे रहे हैं। अभी स्कूटी देना भी मामा ने शुरू किया है। एक लाख सरकारी पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। उन्होंने सभा में उपस्थित जनता से कहा कि आप सब मुझे वचन दो कि प्रदेश में सबसे अधिक वोटों से नरेंद्र सिंह

## श्योपुर-मुरैना क्षेत्र में विकास के सभी विकास कार्य भाजपा सरकार में हुए हैं : तोमर

केंद्रीय कृषि मंत्री व भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक और दिमनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2003 से पहले श्योपुर और मुरैना क्षेत्र में बिजली कभी-कभार आती थी, सड़कें नहीं थीं। इस क्षेत्र में जितने भी विकास कार्य हुए हैं, सब भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने किए हैं। उन्होंने कहा कि पहले मैं यहां चुनाव प्रचार करने आता था, इस बार अलग भूमिका में आप लोगों के मध्य उपस्थित हुआ हूं। भाजपा सरकार ने श्योपुर-मुरैना क्षेत्र में सड़क, बिजली के साथ मेडिकल कॉलेज, हॉर्टिकल्चर कॉलेज के साथ क्षेत्र का चहुंमुखी विकास किया है। सौभाग्य योजना के अंतर्गत हर गरीब के घर में बिजली पहुंचाने का मामला हो या लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को 1250 रूपए प्रतिमाह देने का कार्य हो, भाजपा सरकार ने ही किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने पीएम किसान सम्मान निधि में 6 हजार रूपए प्रति किसान और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भी हर किसान को 6 हजार रूपए प्रतिवर्ष देने का कार्य कर रहे हैं। श्री तोमर ने कहा कि पिछले दो चुनाव में आप लोगों ने मुझे प्रत्याशी के रूप में स्वीकार कर सांसद बनाया और इस क्षेत्र के विकास का मौका दिया। इस बार पार्टी ने मुझे फिर दिमनी विधानसभा की जनता की सेवा के लिए प्रत्याशी घोषित किया है। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इस बार आप मुझे अपना प्रतिनिधि बनाओगे तो मैं आपकी आन, बान और शान को बढ़ाने का कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश का ऐसा विकास किया है कि दूसरे राज्य की सरकारों ने भी मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं की नकल करके अपने राज्यों की जनता का कल्याण कर रही हैं।

## केंद्रीय मंत्री तोमर ने बौद्ध धर्मगुरूओं से लिया आशीर्वाद

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को दिमनी विधानसभा कार्यालय का शुभारंभ किया, जिसके पश्चात् बौद्ध बिहार पहुंचे और बौद्ध धर्मगुरुओं से आशीर्वाद लिया। श्री तोमर ने बौद्ध बिहार का अवलोकन किया और आसपास में रहने वाले लोगों से मुलाकात की है। इससे पहले श्री तोमर संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अम्बाह के विधायक कमलेश जाटव भी मौजूद थे।

# दिग्विजय का फर्जी इस्तीफा वायरल, कांग्रेस ने सायबर सेल में की शिकायत



**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का फर्जी इस्तीफा वायरल होने के बाद कांग्रेस की ओर से इसकी शिकायत सायबर सेल में की गई है। इस मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख केके मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल साइबर सेल थाना कोहेफिजा पहुंचा है।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने हितेश वाजपेई के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायती पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से भाजपा प्रवक्ता डॉ. हितेश बाजपेयी ने अपने ट्यूटर हेण्डल से दिग्विजय सिंह का षड्यंत्रपूर्वक लेटरहेड बनाकर उनके फर्जी हस्ताक्षर कर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से त्याग पत्र देने के संबंध में कूट रचित पत्र सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

भाजपा प्रवक्ता वाजपेई ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता की पार्टी के प्रति वर्षों से निष्ठा को बदनाम करने का षड्यंत्र कर एक आपराधिक कृत्य किया है। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल का आरोप है कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव में अपनी पराजय को देखते हुए भाजपा ओछी राजनीति पर उतर आई है, लेकिन भाजपा द्वारा इस की मानसिकता से उनके मंसूबे पूरे नहीं होंगे। कांग्रेस ने इस मामले में सूचना व प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर तत्काल कार्यवाही करने की मांग की हैं।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा, कांग्रेस पदाधिकारी जे.पी. धनोपिया, आनंद तारण, मृणाल पंत, योगेन्द्र सिंह परिहार, फरहाना खान, राहुल राठौर, रवि वर्मा, प्रवीण धौलपुर, प्रकाश चौकसे, निकेश चौहान, सै. मुजफ्फर अली, विवेक सोनी, विजेन्द्र शुक्ला, रमेश पांडे सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### जीवन की आखिरी साँस तक कांग्रेस में रहूँगा

साथ ही दिग्विजय सिंह ने ट्वीट कर कांग्रेस में अपनी आस्था दोहराई है। उन्होंने लिखा है कि 'भाजपा झूठ बोलने में माहिर है। मैंने 1971 में कांग्रेस की सदस्यता ली थी। पद के लिए नहीं बल्कि विचारधारा से प्रभावित हो कर जुड़ा था और जीवन की आखिरी साँस तक कांग्रेस में रहूँगा। इस झूठ की मैं पुलिस में शिकायत दर्ज कर रहा हूँ।

कांग्रेस की पहली सूची आते ही बुलंद हुए विरोध के स्वर

# टिकट न मिलने पर मीडिया उपाध्यक्ष यादव ने दिया इस्तीफा

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची आने के साथ ही पार्टी के भीतर बगावती सुर सुनाई देने लगे हैं। टिकट न मिलने से नाराज नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ इस्तीफा देना शुरू कर दिया है।

टीकमगढ़ की खरगापुर विधानसभा से टिकट के दावेदार और प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अजय यादव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को भेज दिया है। इसके अलावा ग्वालियर की ग्रामीण, दतिया, डबरा और पवई सहित कुछ और सीटों पर दावेदार और उनके समर्थक खुलकर सामने आ आए हैं।

जानकारी के मुताबिक कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा से साहब सिंह गुर्जर के नाम की घोषणा से कांग्रेस ग्रामीण के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कल्याण सिंह और उनके भाई केदार सिंह नाराज हो गए और उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। नागोद में कांग्रेस नेता गजेंद्र सिंह सिप्पू और उचेहरा किसान कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष आनंद बहादुर सिंह ने अपने पद से दिया इस्तीफा। यादवेंद्र सिंह को प्रत्याशी न बनाए जाने नाराज होकर उन्होंने यह कदम उठाया। कांग्रेस ने यहां से रश्मि पटेल को प्रत्याशी बनाया है। इधर बिजावर से चरण सिंह यादव को प्रत्याशी बनाए जाने से नाराज सेवादल के राजेश शर्मा ने भी नाराज होकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया। साथ ही दतिया में अवधेश नायक के खिलाफ भी नारेबाज़ी देखने को मिली। जबकि नरियावली विधानसभा से सुरेन्द्र चौधरी को टिकट देने पर शारदा खटीक ने कांग्रेस छोड़ दी है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बोले-

# कांग्रेस की सूची में परिवारवाद और गुटबाजी हावी



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस की पहली सूची जारी होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस की सूची में परिवारवाद और गुटबाजी साफ देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि एक ओर भारतीय जनता पार्टी ने 28 युवाओं को मौका दिया हैं लेकिन कांग्रेस की सूची में 50 से 65 साल तक उम्र के नेता भी चुनावी मैदान में हैं इससे पता चलता है कि युवाओं को लेकर भाजपा और कांग्रेस में कितना अंतर है। श्री शर्मा कहा कि इस सूची में दिल्ली और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की छाप स्पष्ट नजर आ रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पहली सूची आते ही आलम यह है कि पूरे प्रदेश से विरोध के स्वर और इस्तीफों का सिलसिला शुरू हो गया है।, कांग्रेस नेता एक-दूसरे का खुलकर विरोध कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में जमीनी कार्यकर्ता को छोड़कर उन्हीं नेताओं को टिकट दिया गया हैं जो केवल बड़े नेताओं के गुट के हैं। उन्होंने कांग्रेस से आपराधिक पृष्टभूमि के लोगों को भी प्रत्याशी बनाए जाने के आरोप लगाए है।

# कांग्रेस ने पिछड़ों को ज्यादा मौका दिया



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने पहली सूची जारी करते हुए पिछड़ा वर्ग से करीब 27 फीसदी को प्रत्याशी बनाया है। 144 नामों की इस सूची में 39 प्रत्याशी पिछड़ा वर्ग के हैं। यह जानकारी आज कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह सपरा ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने मीडिया को बताया कि पार्टी की पहली सूची में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया हैं। इनमें कांग्रेस ने 39 ओबीसी वर्ग के प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे हैं। इस सूची में 69 मौजूदा विधायकों को टिकट देकर पार्टी ने उन पर फिर भरोसा जताया है। इस दौरान उन्होंने अल्पसंख्यकों सहित अलग-अलग वर्गों के प्रत्याशियों का जिक्र भी किया। श्री सपरा ने बताया कि आयु वर्ग के लिहाज से भी कांग्रेस ने 65 ऐसे प्रत्याशी घोषित किए हैं, जिनकी उम्र 50 वर्ष से भी कम हैं। उन्होंने सभी प्रत्याशियों को बेहद मजबूत और जमीनी बताया।

बहुजन समाज पार्टी के खिसकते जनाधार पर चंद्रशेखर की नजर

# बसपा को टक्कर देकर सियासी जमीन पाने में जुटी आजाद समाज पार्टी

### राजस्थान व मध्यप्रदेश में अपने प्रत्याशी उतारकर इसकी शुरुआत की

**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के खिसक रहे जनाधार को देखते हुए आजाद समाज पार्टी अपने को नए विकल्प के तौर पर पेश करने में जुटी है। इसी कारण पार्टी ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में दो राज्यों , राजस्थान और मध्यप्रदेश में अपने प्रत्याशी उतारकर इसकी शुरुआत कर दी है। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सभी दल अपने-अपने हिसाब से जातीय समीकरण दुरुस्त करने में जुट गए हैं। सर्वाधिक 80 सीटों वाले यूपी में जातीय राजनीति आज भी काफी असरकारी है। इसे देखते हुए ही सियासी पार्टियों ने जातीय प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय दलों को अपने साथ रखा है। जहां तक बसपा का सवाल है, वो लोकसभा के चुनावी मैदान में अकेले उतरने का एलान कर चुकी है। 2012 में सत्ता से बेदखल होने के बाद चुनावी प्रदर्शन में बसपा का ग्राफ लगातार गिर रहा है। मायावती भी सियासी जमीन पर बहुत ज्यादा सक्रिय नजर नहीं आ रही हैं।

### 2022 चुनाव के बाद मायावती ने कोई रैली नहीं की

2022 के चुनाव के बाद उन्होंने कोई भी रैली नहीं की है। इतना ही नहीं बसपा प्रमुख ने प्रदेश के किसी भी जिले का दौरा भी नहीं किया है, जिससे पार्टी के कोर वोटबैंक दलित समुदाय के छिटकने की बातें सामने आई है। यही वजह है कि आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद न केवल कांशीराम की सियासी विरासत के सहारे दलितों के दिल में जगह बनाने, बल्कि बसपा के सिकुड़ने से खाली हो रही सियासी जमीन को अपने पाले में लाने में जुटे हैं। उनकी इस मेहनत के बाद दलित वोट, खासकर जाटव, किसके पक्ष में आते हैं, यह राजस्थान और मध्यप्रदेश के चुनाव परिणामों से स्पष्ट हो जाएगा। संविधान संरक्षण मंच के मुखिया और दलित विषयों के जानकर गौतम राणे सागर ने बताया कि बसपा की स्वीकार्यता का ग्राफ गिर रहा है। जिनके दम पर बसपा बनी थी, उन्होंने मनसा वाचा कर्मणा का मूल मंत्र दिया था।

परिणाम देखें तो बसपा के कर्मों में किस तरह से जंग लग गई है सभी जान रहे हैं।। घर में बैठकर परिवर्तन हो रहा है। काडर वोट बचा नहीं है। इमोशनल वोटर जो बचा है वो भी संवादहीनता के चलते छिटक रहा है। चंद्रशेखर विकल्प नहीं बन पाएंगे। उनके साथ विचारधारा की बहुत बड़ी कमी है। कैसे संगठन चलता है, कैसे विचार रखे जाते हैं, इसका अभाव दिखता है। भीड़ उनके पास बेरोजगार लड़कों की है, जिन्हें कहीं काम करने का अवसर नहीं मिलता है, वे भीम आर्मी में जुड़कर नीला पटका पहनकर भीड़ बढ़ा देते हैं। वोट में तब्दील होने वाला संदेश नहीं दे पाते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम, मतदान केन्द्र और मतगणना स्थल का लिया जायजा

# अधिकारियों से चर्चा में दिया मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

**भोपाल, देशबन्धु।** चुनावी तैयारियों को परखने के लिए रविवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ग्वालियर पहुंचे। यहां उन्होंने महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय (एमएलबी) पहुंचकर स्ट्रांग रूम, मतगणना केंद्र का अवलोकन किया। अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की तैयारियों पर चर्चा की। इस दौरान श्री राजन ने मतदान दलों की रवानगी और मतदान समाप्ति के बाद मतदान दलों द्वारा सामग्री जमा करने संबंधी व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने यहां अधिक से अधिक मतदान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए मतदाता जागरुकता अभियान चलाकर नए मतदाता और दिव्यांग मतदाता भी अपने मताधिकार का उपयोग के बारे में बताए। उन्होंने इस अभियान को निरंतर चलाएं की बात भी कही।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराई गई ऑनलाइन सुविधाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यता जताई। इस दौरान डीआईजी चंबल सुश्री कृष्णावेणी देशावतु, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मतगणना स्थल का मुआयना कर दिए अधिकारियों को दिशा निर्देश

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने रविवार को दतिया पहुंचकर विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। साथ ही श्री राजन ने चुनावी कार्य में लगे कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार माकिन तथा पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दतिया में सेवढ़ा, भांडेर और दतिया विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना स्थल और सीलिंग कक्षों का निरीक्षण किया। मतगणना केन्द्र पर की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के साथ मतदान केन्द्रों पर मतगणना अभिकर्ता, मतगणनाकर्मियों आदि के प्रवेश एवं मतगणना कक्षों में बैठक व्यवस्था भी देखी।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली* फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।